
श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 13 अंक 265 | उज्जैन, बुधवार 8 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

होली पर्व की सभी पाठकों विज्ञापनदाता संवाददाता वाह शुभचिंतकों को शुभकामनाएं

**अवकाश की सूचना**

होली पर्व पर दैनिक मालवा हेराल्ड कार्यालय का अवकाश 8 तारीख को रहेगा अतः अगला अंक 10 मार्च का प्रकाशित होगा। -संपादक

# सशक्ते नारी-सशक्तख मध्यप्रदेश निर्माण का संकल्प-शिवराज सिंह चौहान

**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्तेरमन्तेतत्रदेवताः।**
**यत्रैतास्तु न पूज्यन्तेसर्वास्तत्राफलाःक्रियाः।।**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यह श्लोक भारतीय संस्कृति और समाज में महिलाओं के सम्मान का आह्वान है। हमारी वैदिक ऋचाओं में भी यह संकेत है किमहिलाएं राष्ट्र को दिशा देने में सक्षम और समर्थ होना चाहिए।इसी की झलक हमारी परंपराओं में भी दिखाई देती है।भारत में प्राचीन काल से ही मां, बहन और बेटी का स्थान सबसे ऊपर रहा है,नारियों के प्रति आदर करने की परंपरा रही है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं नारी शक्ति और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों का अभिनंदन करता हूं। सुखद संयोग है कि आज रंगों के उत्सव होली का पर्व है। आप सभी को रंगोत्सव होली की हार्दिक शुभकामनाएं और बहुत-बहुत बधाई।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन का उद्देश्य नारी उत्थान है और यही मेरेजीवन का मिशन है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में विभिन्नो क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के अवसर प्राप्त् हुए हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, आवास में महिलाओं के नाम से रजिस्ट्री पर स्टाम्प शुल्क में छूट, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, राशन प्रदाय, आजीविका मिशन आदि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश आगे है। मध्यप्रदेश ने महिला सशक्तिकरण में नया इतिहास रचा है। इससे प्रदेश की महिलाओं का सम्मान बढ़ा है और जीवन आसान हुआ है।

हमारे देश की धरती पर मां, बहन और बेटी का हमेशा सम्मान रहा है। हम बेटियों और बहनों को दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती मानते रहे हैं। लेकिन कालांतर में बेटियां भेदभाव का शिकार हो गईं। मैंने अपने परिवार और अपने गांव में देखा, बेटा पैदा हुआ तो ढोल बजते थे, गीत गाया करते थे, लड्डू बांटे जाते थे। अगर बेटी आ जाए, तो मुंह उतर जाता था। पढ़ेगा कौन, भैया पढ़ेगा और बेटी क्या करेगी? यह देखकर मेरे मन में पीड़ा होती थी। मैं जब छोटा था, तब मेरी आवाज कोई नहीं सुनता था। मैं भाषण देता था कि बेटी है तो कल है, बेटी को आने दो।

तभी एक बूढ़ी मां ने कहा कि अगर बेटी आ गई, तो उसकी पढ़ाई और शादी का खर्च तू उठाएगा? तब मैंने सोचा कि केवल भाषण से काम नहीं चलेगा, इसलिए जब विधायक-सांसद बना, तो अपने भत्ते से बेटियों की शादी करवाने लगा। जैसे ही आपके आशीर्वाद से मैं मुख्यमंत्री बना, तो मैंने सबसे पहले कन्या विवाह योजना बनाई। मैंने तय कर लिया कि गरीब बेटियों की शादी सरकार करवाएगी।मुझे लगा कि केवल कन्या विवाह से काम नहीं चलेगा। बेटी को बोझ से वरदान बनाना है। इसके लिए मैंने लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई। मुझे इस बात की खुशी है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बेटा-बेटी के अंतर को कम किया है। इस योजना के प्रभाव से समाज में बदलाव आया है, बेटियों के प्रति सम्मान बढ़ा है। मध्यप्रदेश में बेटियों का अनुपात 1 हजार बेटों पर 912 से बढ़कर 956 हो गया है। मेरा संकल्प है कि बेटा-बेटी के अनुपात का यह अंतर भी न रहे। प्रदेश में 44 लाख से अधिक लाड़ली लक्ष्मी बेटियां हैं, जो जन्म लेते ही लखपति हो जाती हैं। मुझे संतोष है कि बेटियों को उच्च शिक्षा के खर्चे की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मेरा प्रयास है कि लाड़लियों की आंखों में कभी आंसू न आने पाये, उनके माथे पर चिंता की लकीर न उभरे। इसके बाद तय किया कि स्कूल जाने के लिए किताबें, यूनिफॉर्म और साइकिल की व्यवस्था भी बेटियों के लिए की जाएगी। बारहवीं कक्षा की मेधावी बालिकाओं को मुख्यमंत्री बालिका स्कूटी योजना में ई-स्कूटी दी जायेगी।



मैंने गांव में देखा था मजदूर बहन बेटा-बेटी को जन्म देती थी तो हफ्ते भर भी आराम नहीं कर पाती थी, वह खेत पर काम करने जाती थी, मजदूरी करती थी। तब मैं यह सोचता था कि वह दिन कब आएगा जब बेटा-बेटी को जन्म देने के बाद मेरी गरीब बहन भी महीने भर आराम कर ले, चैन की सांस ले ले। तब संबल योजना बनाकर हमने तय किया कि बेटा-बेटी के जन्म के पहले 4 हजार रुपये मेरी गरीब बहन के खाते में डाले जायेंगे और जन्म देने के बाद 12 हजार रुपये दिये जायेंगे। कुल 16 हजार रुपयेदिये जायेंगे ताकि मेरी गरीब बहन लड्डू भी खा सके और आराम भी कर सके।

हमने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिये कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। प्रदेश में महिला वित्त विकास निगम का सुदृढ़ीकरण,सौ करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री नारी सम्मान कोष की स्थापना, इंदौर-भोपाल में महिला उद्यम प्रोत्साहन के लिये इंडस्ट्रियल पार्क बनाने जैसे निर्णय लिये गये।मुझे यह बताते गर्व का अनुभव होता है कि मध्यप्रदेश में आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों ने महिलाओं के सशक्तिकरण में क्रांति की है। महिला स्व-सहायता समूह की 45 लाख से अधिक महिलाएं आजीविका की लगभग 100 गतिविधियां कर रही हैं और उन्होंने प्रदेश में विकास का जन आंदोलन खड़ा कर दिया है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जिसने राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए बहनों को नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया। अब इसके परिणाम भी सामने आने लगे हैं महिलाओं ने स्थानीय निकायों में सशक्त नेतृत्व देते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। शासकीय शिक्षकों की भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत, पुलिस विभाग में 30 प्रतिशत और अन्य विभागों में 33 प्रतिशतआरक्षण दिया गया है।हमारा लक्ष्य है कि बहनों का राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक सभी पक्षों में पूर्ण सशक्तिकरण हो।

मध्यप्रदेश ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में पहल करते हुए हाल ही में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शुरू की है। बहनों के जीवन को सरल, सुखद बनाना ही मेरे जीवन का ध्येय है। इसके लिये जितना पैसा लगेगा उसकी व्यूवस्थाो की जायेगी। मैं अपनी बहनों की जिंदगी में अंधेरा नहीं रहने दूंगा। बहने अपनी छोटी-मोटी जरूरतों और पैसों की आवश्यकता के लिए परेशान न हो, इसलिए हर महीने बहनों को एक-एक हजार रुपए उपलब्ध कराने की व्यवस्था मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में की गई है। इससे मेरी बहनों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और परिवार में उनकी स्थिति प्रभावीऔर सशक्त होगी। महिलाओं की समाज निर्माण और विकास में महत्वपपूर्ण भूमिका है। वे घर, परिवार, समाज और राष्ट्रग की धूरी हैं।मेरा मानना है कि महिलाएं सशक्त होंगी तो समाज सशक्त होगा, समाज सशक्त होगा तो प्रदेश सशक्त होगा और प्रदेश सशक्त होगा तो देश सशक्त बनेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### गुजरात एटीएस ने ईरानी नाव से पकड़ी 427 करोड़ रुपए की 61 किलो हेरोइन, पांच लोग गिरफ्तार



**भुज/जीएनएस।** गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) और कोस्टगार्ड की टीम ने ईरानी नाव से करीब 427 करोड़ रुपए कीमत के मादक पदार्थ के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एटीएस की ओर से मंगलवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सूचना के आधार पर सोमवार की रात भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने एटीएस के साथ एक संयुक्त अभियान में गुजरात के अरब सागर में भारतीय जल सीमा में ईरानी नाव से 61 किलोग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के साथ पांच लोगों को पकड़ लिया। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 427 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए पांच ईरानी लोगों को नाव सहित आवश्यक कार्रवाई के लिए जखौ कोस्टगार्ड स्टेशन लाया गया है।

### एनपीपी प्रमुख कोनराड संगमा दूसरी बार बने मेघालय के मुख्यमंत्री, दो डिप्टी सीएम ने भी ली शपथ



**शिलांग/जीएनएस।** नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रमुख कोनराड संगमा ने लगातार दूसरी बार मेघालय के मुख्यमंत्री बने हैं। उन्होंने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कोनराड संगमा को राज्यपाल फागू चौहान ने शपथ दिलाई। इस दौरान कई दिग्गज मौजूद रहे।इसके अलावा मेघालय में दो डिप्टी सीएम भी बनाए गए हैं। प्रेस्टन टाइनसॉन्ग और स्नियावभालंग धर ने मेघालय के उपमुख्यमंत्रियों के रूप में शपथ ली है, जबकि मंत्रियों में अलेक्जेंडर लालू हेक, डा. अम्परीन लिंगदोह, पॉल लिंगदोह और कॉमिंगोन यंबन ने मंत्रियों के रूप में शपथ ली।

### ट्रेन के आखिरी डिब्बे पर क्यों लिखा होता है 'X'? रेलवे मिनिस्ट्री ने ट्वीट कर समझाया मतलब

**नई दिल्ली/जीएनएस।** आप लोगों ने ट्रेन तो जरूर देखी होगी और उसमें सफर भी किया होगा। लेकिन क्या आप जानते है कि ट्रेन के अंतिम डिब्बे पर हमेशा एक्स (ङ्ग) का निशान क्यों बना होता है, और इसको अंतिम डिब्बे पर ही क्यों लिखा जाता है और इसका क्या मतलब होता है। इस सवाल का जवाब खुद रेलवे ने दिया है। रेलवे मिनिस्ट्री ने ट्वीट कर यह समझाया है कि ट्रेन के अंतिम डिब्बे पर ङ्ग क्यों लिखा जाता है। बता दें कि रेलवे ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से पोस्ट शेयर करते हुए यह समझाया है कि ट्रेन के डिब्बे पर ङ्ग क्यों लिखा होता है। रेलवे के ट्वीट में लिखा है, 'क्या आपको पता है कि ट्रेन के लास्ट कोच में ङ्ग निशान का मतलब होता है कि ट्रेन बिना किसी कोच को छोड़े सारे डिब्बों के साथ रवाना हो चुकी है।'रेलवे के ट्वीट में The X Factor लिखा हुआ एक फोटो है।

## मनीष सिसोदिया या सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी से नहीं, बल्कि देश के हालात से हूं चिंतित'



**नई दिल्ली/जीएनएस।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि जिस देश के प्रधानमंत्री अच्छी शिक्षा और इलाज देने वालों को जेल में डाल दें और देश को लूटने वाले का साथ दें तो यह बहुत चिंतनीय हैं। केजरीवाल ने देशवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा, जिस देश के प्रधानमंत्री अच्छी शिक्षा और इलाज देने वालों को जेल में डाल दें और देश को लूटने वाले का साथ दें, तो यह देश के लिए बहुत चिंताजनक हैं।

उन्होंने कहा कि वह मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी से चिंतित नहीं हैं। वह देश के हालात से चिंचित हैं। सिसोदिया ने देश को शिक्षा, तो सत्येंद्र जैन ने स्वास्थ्य मॉडल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, वहीं एक शख्स ने देश को लूट लिया। प्रधानमंत्री मोदी लूटने वाले शख्स के साथ हैं।उन्होंने कहा, आजादी के 75 साल बाद एक ऐसा शख्स आया जिसने सरकारी अस्पातलों की दशा बदल दी। गली-गली में मोहल्ला क्लीनिक बनाकर अच्छा और फ्री इलाज हर घर तक पहुंचाया। वहीं, दूसरी ओर एक शख्स है, जिसने भारत की जनता का खून-पसीने से कमाया अरबों-खरबों रुपए लूट लिया। बैंकों और एलआईसी का पैसा डूबो दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जैसे देशभक्तों पर झूठे केस थोप कर उनको जेल में डाल दिया और देश को लूटने वाले उस शख्स को गले लगा लिया।

## लाइफ इंश्योरेंस के मामले में पुरुषों से आगे निकली कामकाजी महिलाएं, सर्वे रिपोर्ट में खुलासा




**नई दिल्ली/जीएनएस।** शहरी भारतीय महिलाओं के वित्तीय सुरक्षा स्तर में पिछले पांच वर्षों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही आईपीक्यू 1.0 में 33 के मुकाबले आईपीक्यू 5.0 में यह आंकड़ा 40 तक पहुंच गया है। मैक?स लाइफ ने मार्केटिंग डेटा एवं ऐनालटिक्सि कंपनी कांतार के सहयोग से किए इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट सर्वे में यह बात का खुलासा हुआ है। इसके अलावा, एक और सकारात्मक बदलाव के तहत यह भी देखा गया कि महामारी का खतरा कम होने के बावजूद, शहरी भारत की कामकाजी महिलाएं अपने परिवारों को सुरक्षित करना चाहती हैं और जीवन की अनिश्चितता से बचाव करने की जबर्दस्त इच्छा रखती हैं। पिछले पांच वर्षों में यह पहला मौका है जब इस समूह ने पुरुषों को इस मामले में पछाड़ा है। 77 प्रतिशत कामकाजी महिलाओं के पास लाइफ इंश्योरेंस है जबकि पुरुषों के स्तर पर यह आंकड़ा 74 प्रतिशत दर्ज किया गया है।इस सर्वे से वित्तीय प्लानिंग के स्तर पर घरेलू महिलाओं के नजरिए का भी खुलासा हुआ। पिछले सर्वे की तुलना में, इस बार वित्तीय सुरक्षा के स्तर पर महिलाओं की स्थिति काफी बेहतर हुई है। घरेलू महिलाओं का प्रोटेक्शन कोशेंट 38 दर्ज किया गया है जो कि नॉलेज इंडेक्स में 11 अंकों की बढ़त से प्रेरित है। आईपीक्यू 1.0 में 38 की तुलना में आईपीक्यू 5.0 में यह 49 तक पहुंच गया है। इसके अलावा, घरेलू महिलाओं में लाइफ इंश्योरेंस ओनरशिप भी 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। आईपीक्यू 1.0 में 58 प्रतिशत की तुलना में आईपीक्यू 5.0 में 68 प्रतिशत दर्ज की गई।

इस अध्ययन के अनुसार, शहरी भारतीय महिलाओं ने भी पिछले पांच वर्षों में वित्तीय सुरक्षा के स्तरों में लगातार प्रगति दर्ज की है। महामारी के बाद, शहरी भारत में महिलाएं अपने वित्तीय मामलों को लेकर लगातार सुरक्षित महसूस कर रही हैं और उनके सुरक्षा का स्तर भी महामारी पूर्व के स्तरों पर पहुंच चुका है। यह आईपीक्यू 3.0 में 57 प्रतिशत की तुलना में आईपीक्यू 5.0 सर्वे में 62 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। इसी तरह, लाइफ इंश्योरेंस ओनरशिप के मामले में भी इस समूह ने जबर्दस्त प्रगति दर्ज की है और इसका आंकड़ा आईपीक्यू 3.0 में 67 प्रतिशत की तुलना में आईपीक्यू 5.0 सर्वे में 71 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

## नरेंद्र मोदी बोले; आम जनता सस्ती चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता

**नई दिल्ली/जीएनएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम जनता को सस्ती चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन न केवल नए अस्पतालों को जन्म दे रहा है, बल्कि एक नया और पूर्ण स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र भी बना रहा है। श्री मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र पर बजट पश्चात एक वेबिनार स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अनुसंधान को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा उपचार को सस्ता बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। आयुष्मान भारत और जन औषधि योजनाओं ने गरीबों और मध्यम वर्ग के रोगियों के एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की बचत की है। इस समय फार्मा क्षेत्र का बाजार चार लाख करोड़ रुपए है। यह निजी क्षेत्र और शिक्षा जगत के बीच उचित समन्वय के साथ 10 लाख करोड़ रुपए का हो सकता है। केंद्रीय बजट 2023-24 में घोषित पहलों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आयोजित 12 बजट पश्चात वेबिनार की श्रृंखला में यह नौवां था।




# थांदला में आज मंगलवार का भगौरिया गुलालिया लोकपर्व धुमधाम से मनाया









**झाबुआ (थांदला)/ माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** इस अवसर पर राजनैतिक पार्टी के जनप्रतिनिधि ने अपनी अपनी गैर ढोल मादक बजाकर नगर में अपनी अपनी पार्टी का झंडा गैर में लहराते हुए निकाली भारतीय जनता पार्टी की गैर पुरानी मंडी से निकली भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक कलसिंह भाबर राज्य सरकार के उघोग मंत्री जयवर्धन सिह वरिष्ठ नेता सांसद प्रतिनिधि दिलीप कटारा मंत्री जय वर्धन सिंह श्यामा ताहेड पूर्व मंडी अध्यक्ष मन्नू डामोर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बंटी डामोर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अशोक अरोड़ा राकेश सोनी थांदला व्यापारी संघ अध्यक्ष अनिल भंसाली युवा नेता संजय भाबर राजेश वसुनिया थांदला जनपद पंचायत अध्यक्षा पति मेघनगर के मुकेश मेहता पत्रकार दशरथ कट्टा पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलेश दांतला सांसद प्रतिनिधि तानसिह मेड़ा नगर परिषद अध्यक्षा पति सुनिल पडदा नगर परिषद के पार्षद गण कई जनप्रतिनिधि और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए दुसरी गैर विपणन सहकारी संस्था से कांग्रेस की गैर में विधायक विरसिह भुरिया पूर्व जनपद अध्यक्ष कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष गेदाल डामोर राजेश डामोर जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमति सोनल जंसवतसिंह भाबर खजुरी के सरपंच रूसमाल मेड़ा वरिष्ठ पूर्व जनपद अध्यक्ष चेनसिह डामर कालू सिंह नलवाया नेता राजेश जैन जितेन्द्र दामन अक्षय भट्ट कादर शैख हरिश पांचाल आनन्द चोहान सुधिर भाबर इकबाल खान मसुल भुरिया ओर सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधि गण कार्यकर्ता शामिल हुए आज की गैर में आम आदमी पार्टी की भी नगर में पार्टी का झंडा लेकर नगर में पदाधिकारी गंण ओर कार्यकर्ता ने भी अपने अंदाज में भगोरिया हाट में आए इसी तरह जयस संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी आज के भंगोरिया में आए और सभी ने अपने अपने अंदाज में लोकपर्व भगोरिया गुलालीया रंगों के पर्व का आनन्द लिया नगर के हर एक क्षैत्र में मनीहार महीलाओं के श्रंगार की ओर खाने-पीने की पान की कपड़े की दुकानें लगी थी पुरानी मंडी में जुले चंकरी ओर कुल्फी आइसक्रीम ठंडाई की दुकानों पर जबरदस्त भीड थी नगर में मनीहार की दुकानों पर जबरदस्त भीड थी पुरे नगर में सुबह से ही प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस एस डी ओ पी ने हर आने जाने वाले रास्ते देख-रेख की ओर पुलिस विभाग द्वारा बैरिकेड लगा रहे थे और अलग जगह पार्किंग व्यवस्था थी नगर में एस डी एम तरूण जैन तहसीलदार अनील बघेल पुलिस एस डी ओ पी रवीन्द्र राठी थाना प्रभारी केलाश चौहान ने प्रेटोलिंग करके नगर में लोकपर्व भगोरिया गुलालीया पर्व हाट बाजार शान्ति से हुआ व व पुलिस के जवान भी लगातार दुकानदारों को दुकान पिछे लगाए व वाहन चालकों को समझाइश देकर रास्ते पर खड़े नहीं रहे ।

## सार समाचार

### इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 मार्च 2023

**झाबुआ / माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहीद चन्द्रशेखर आजाद, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ, जिला झाबुआ में संचालित इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र 1526 में इग्नू के माध्यम से सत्र 2022-23 में विभिन्न कोर्स बीए, बीएससी, बीकॉम एवं पीजी पाठ्यक्रम एव विभिन्न डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 10 मार्च 2023 है। इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की वेबसाईट http://ignou.ac.in/ पर जाकर ऑनलाईन प्रवेश फॉर्म भर सकते है अथवा महाविद्यालय मे ऑफलाईन प्रवेश फॉर्म भर सकते है। अनुसूचित जाति/जनजाति के विद्यार्थियों के लिए बीए/बीएससी/बीकॉम एवं डीएफई तथा सीएफई प्रवेश शुल्क निःशुल्क है। अधिक जानकारी के लिए इग्नू समन्वयक डॉ0 वीएस. मैड़ा से प्रवेश संबधी जानकारी प्राप्त कर सकते है ।

### निगम की टीम द्वारा कुर्की की कार्यवाही मे मोटर सायकल जप्त की

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** करदाताओ से संपत्तिकर की राशि की वसुली हेतु कुर्की की कार्यवाही सख्ती से की जा रही है। जिसके अन्तर्गत टीम द्वारा करदाताओ से घरो घर सम्पर्क किया जा रहा है। इसके पश्चात भी करदाताओ द्वारा संपत्तिकर की बकाया राशि जमा नही करने पर निगम द्वारा सख्ती से कुर्की की कार्यवाही की जा रही है। इसी के अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 25 से 32 के करदाताओ द्वारा संपत्तिकर की बकाया राशि रूपये 89 हजार 7 सौ की राशि जमा कराई गई। इसी अन्तर्गत शिमला कालोनी निवासी मांगीलाल पिता शिवनारायण विजयवर्गीय पर संपत्तिकर की 10 हजार 854 की राशि बकाया होने पर उनकी मोटर सायकल जप्त की गई। वार्ड क्रमांक 33, 34 एवं 37 के संपत्तिकर बकायादारो के कुर्की प्रकरणो पर कार्यवाही के दौरान राशि रूपये 88 हजार निगम की टीम को जमा कराये गये। इसी कडी मे सुपर मार्केट शालिनी रोड निवासी जुबेर भाई शेख पर 42 हजार 867, चुडी बाखल निवासी रशिद भाई, रेहमान भाई, बक्कु भाई पर 41 हजार 712, चन्द्र शेखर आजाद मार्ग निवासी ईकबाल अनवर, अफजल बुंदु खॉ पर 34 हजार 499, चन्द्र शेखर आजाद मार्ग निवासी कुणाल खत्री, स्व.अशोक कुमार खत्री पर 24 हजार 691, विष्णु मंदिर गली निवासी सरोजनी बाई पति बालचन्द्र शिन्दे पर 40 हजार 655, विष्णु मंदिर गली निवासी बबन राव खण्डेराव पर 37 हजार 760, मुक्तिमार्ग निवासी अब्दुल वारिस एहमद खॉ पर 37 हजार 590, उपाध्याय नगर निवासी बाबुलाल भागीरथ सुर्यवंशी पर 45 हजार 838, उपाध्याय नगर निवासी याकुब अल्लाबेली शेख पर 41 हजार 503, उपाध्याय नगर निवासी पदमावती बाबुराव अम्बेडकर, सरोजनीराव प्रकाश राव पर 22 हजार 294 रूपये की संपत्तिकर की बकाया राशि होने पर कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। कुर्की की कार्यवाही के दौरान निगम राजस्व निरीक्षक राम ठाकुर, संजय सांगते व उनकी टीम उपस्थित थी।

### होली पर भौरासा नगर में निकली परंपरागत गैर




**भौरासा/देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंगलवार को संपूर्ण क्षेत्र में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सूर्योदय के पहले ही विधि विधान से पूजन पाठ के साथ होलिका दहन किया गया जिसमें नरसी मंदिर के पास चौक मैं नगर परसाई मनोज जोशी के द्वारा विधिवत पूजा पाठ करा कर होलिका दहन किया गया जहां पर नगद के वसूली पटेल जसवंत सिंह राजपूत के द्वारा पूजा की गई इसके बाद होलिका को दहन किया गया नगर में लगभग 10 से 12 जगह होलिका दहन का कार्यक्रम हर वर्ष रखा जाता है जो कि इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से रखा गया सुबह तड़के नगर के वरिष्ठ जनो के द्वारा होलिका दहन विधि विधान से किया गया जिसके बाद नगर में पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए नगर के सर्व समाज के लोग अपने-अपने समाजों की गैर निकालते हुए नजर आए जिसमें नगर की सभी बड़ी समाजों ने ढोल के साथ नगर में गेर निकाली इस गैर में नगर भर में साल भर में जितने भी लोग मृत होते हैं उनके घर जाकर उनके परिजनों के ऊपर रंग डाला जाता है जिसके बाद से उस परिवार में शुभ कार्य शूरू हो जाते हैं, इस परंपरा का अपने आप में एक अलग ही महत्व होता है ये गैर पूरे नगर में घूमती है और सभी समाज के लोग के घर जाकर रंग डालने का काम करती है जिसमें पुरुषों के साथ महिलाएं भी मौजूद होती हैं ।

# 15वीं वित्त आयोग अन्तर्गत वर्ष 2023-24 की जनपद पंचायत विकास प्लान (बीपीडीपी) के अनुमोदन

**झाबुआ / माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक/परा/सीएफसी/2020/11325 भोपाल 01/10/2020 में दिये गये निर्देशानुसार 15वीं वित्त आयोग अन्तर्गत वर्ष 2023-24 की जनपद पंचायत विकास प्लान (बीपीडीपी) के अनुमोदन हेतु कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला योजना समिति की अध्यक्षता में गठित डीपीसी की दिनांक 01 मार्च 2023 को सायं 4:30 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनल जसवंत सिंह भाभर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमन वैष्णव, जिला योजना अधिकारी श्रीमती तारणी जोहरी, एसडीओ पीएचई एवं पीओ शहरी विकास उपस्थित थे।

बैठक में सबकी योजना सबका विकास जन अभियान अंतर्गत वर्ष 2023-24 की 15वां वित्त आयोग अंतर्गत टाईड एवं अनटाईड फण्ड की जनपद पंचायतों से जनपद की सामान्यसभा की बैठक में अनुमोदन उपरांत जिला योजना समिति (डीपीसी) में अनुमोदन हेतु निम्नानुसार जनपद पंचायतों से बीपीडीपी प्राप्त हुई ।

जनपद पंचायत पेटलावद सामान्यसभा की बैठक दिनांक 21-12-2022 में अनुमोदित वर्ष 2023-24 की बीपीडीपी में लिये गये निम्नानुसार कार्य :-

ग्राम मुलथानिया, चन्द्रगढ, नवापाडा, अनंतखेडी, झावलिया, लालारूंडी, भेरूपाडा पेयजल हेतु पाईप लाईन मोटर टंकी मुलथानिया नवापाडा फलिया टाईड फण्ड प्रावधानित राशि 74.39 लाख का 50 प्रतिशत राशि 37.20 लाख निर्धारित की गई। ग्राम बोडायता, धतुरिया, बनी, पांच पिपला, सारंगी, करवड, मठमठ में नाली निर्माण कार्य के लिये टाईड फण्ड प्रावधानित राशि 74.39 लाख का 50 प्रतिशत राशि 37.19 लाख स्वच्छता कार्य के लिये निर्धारित की गई। ग्राम मोहनकोट, गुणावद मे पेयजल हेतु पाईपलाइन मोटर एवं टंकी निर्माण कार्य हेतु टाईड फण्ड 20 प्रतिशत 14.88 लाख की अतिरिक्त कार्य योजना। ग्राम झकनावद, मातासुला, बामनिया, जनपद पंचायत पेटलावद में पुलिया निर्माण के लिये अनटाईड फण्ड प्रावधानित राशि 49.59 लाख से अधों संरचना संबंधी कार्य के लिये। ग्राम मातापाडा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिये अनटाईड फण्ड 20 प्रतिशत राशि 9.92 लाख की अतिरिक्त कार्य योजना के लिये।

जनपद पंचायत मेघनगर में सामान्यसभा की बैठक दिनांक 03-02-2023 में अनुमोदित वर्ष 2023-24 की बीपीडीपी में लिये गये निम्नानुसार कार्यः- ग्राम बिसलपुर, बावडीपाल, देदला, गडवाडा में टाईड फण्ड प्रावधानित राशि 52.50 लाख का 50 प्रतिशत राशि 26.25 लाख से जल संवर्धन संबंधी कार्य, टाईड फण्ड प्रावधानित राशि 52.50 लाख का 50 प्रतिशत राशि 26.25 लाख से स्वच्छता संबंधी कार्य के लिये एवं ग्राम खच्चर टोडी, रंभापुर, मदरानी, नोगांवा एवं अगराल एवं ग्राम रामपुरा, अगासिया में चेकडेम निर्माण के लिये टाईड फण्ड 20 प्रतिशत राशि 10.50 लाख की अतिरिक्त कार्य योजना संबंधी कार्य के लिये। अनटाईड फण्ड प्रावधानित राशि 35.00 लाख से अधो सरंचना संबंधी कार्य के लिये ग्राम पिपलखुटा, बावडी फारेस्ट, उमरादरा, वडलीपाडा, ढाढनिया, उदेपुरिया में पुलिया निर्माण के लिये एवं गुवाली में अतिरिक्त कार्य के लिये अनटाईड फण्ड 20 प्रतिशत राशि 7.00 लाख की अतिरिक्त कार्य योजना के लिये निर्धारित की गई।

जनपद पंचायत झाबुआ सामान्यसभा की बैठक दिनांक 02-01-2023 में अनुमोदित वर्ष 2023-24 की बीपीडीपी में लिये गये निम्नानुसार कार्यः- ग्राम कोटडा, ढेबरबडी, पिपलीपाडा, कल्लीपुरा, मे चेकडेम निर्माण के लिये टाईड फण्ड प्रावधानित राशि 52.46 लाख का 50 प्रतिशत राशि 26.23 लाख से जल संवर्धन संबंधी कार्य, ग्राम कल्याणपुरा, देवझीरीपंडा, भीमफलिया, करडावदबडी में टाईड फण्ड प्रावधानित राशि 52.46 लाख का 50 प्रतिशत राशि 26.23 लाख से स्वच्छता संबंधी कार्य के लिये एवं ग्राम उमरिया दरबार, ढेकलछोटी में टाईड फण्ड 20 प्रतिशत राशि 10.49 लाख की अतिरिक्त कार्य योजना के लिये।

अनटाईड फण्ड प्रावधानित राशि 35.37 लाख से अधो संरचना संबंधी कार्य के लिये ग्राम मनपुरा, वडलीपाडा, नवागांव, भोयरा, महुडीडुंगरा, कालापिपल में एवं ग्राम मोहनपुरा में अतिरिक्त कार्य योजना के लिये अनटाईड फण्ड 20 प्रतिशत राशि 7.07 लाख।

जनपद पंचायत रानापुर सामान्यसभा की बैठक दिनांक 13-01-2023 में अनुमोदित वर्ष 2023-24 की बीपीडीपी में लिये गये निम्नानुसार कार्य :-

ग्राम सरदारपुरा, रेतालुंजा, सुरडिया में चेकडेम निर्माण के लिये टाईड फण्ड प्रावधानित राशि 34.51 लाख का 50 प्रतिशत राशि 17.25 लाख, ग्राम कंजावानी, ढोल्यावड, कुन्दनपुर में नाली निर्माण कार्य के लिये टाईड फण्ड प्रावधानित राशि 34.51 लाख का 50 प्रतिशत राशि 17.26 लाख स्वच्छता कार्य के लिये निर्धारित की गई। ग्राम अगेरा चेकडेम निर्माण वास्केल वाला नाले हेतु टाईड फण्ड 20 प्रतिशत 6.90 लाख की अतिरिक्त कार्य योजना।

अनटाईड फण्ड प्रावधानित राशि 23.00 लाख से अधो संरचना संबंधी कार्य के लिये ग्राम गवसर, दोतड, बुधाशाला में एवं ग्राम वागलावाट में अतिरिक्त कार्य योजना के लिये अनटाईड फण्ड 20 प्रतिशत राशि 4.60 लाख।

जनपद पंचायत थान्दला सामान्यसभा की बैठक दिनांक 04-01-2023 में अनुमोदित वर्ष 2023-24 की बीपीडीपी में लिये गये निम्नानुसार कार्य :-

ग्राम दोलतपुरा, सेमलपाडा, आमली में स्टॉपडेम निर्माण के लिये टाईड फण्ड प्रावधानित राशि 55.27 लाख का 50 प्रतिशत राशि 27.63 लाख जल संवर्धन कार्य के लिये निर्धारित की गई। ग्राम भामल, काकनवानी, मादलदा, नारेला के सामुदायिक शोचालय एवं नाली निर्माण जैसे स्वच्छता कार्य के लिये टाईड फण्ड प्रावधानिका राशि 55.27 लाख का 50 प्रतिशत राशि 27.64 निर्धारित कि गई एवं चिकलिया, वट्ठा में अतिरिक्त कार्य के लिये टाईड फण्ड 20 प्रतिशत राशि 11.45 लाख की राशि निर्धारित की गई।

अनटाईड फण्ड प्रावधानित राशि 36.85 लाख से अधो संरचना संबंधी कार्य के लिये ग्राम बालवासा, खजुरी, भीमकुण्ड में एवं ग्राम बालवासा में अतिरिक्त कार्य योजना के लिये अनटाईड फण्ड 20 प्रतिशत राशि 7.37 लाख।जनपद पंचायत रामा सामान्यसभा की बैठक दिनांक 24-01-2023 में अनुमोदित वर्ष 2023-24 की बीपीडीपी में लिये गये निम्नानुसार कार्य :-

ग्राम भुतेडी, रामा, खरडूबडी, दुधीखेडा में टाईड फण्ड प्रावधानित राशि 48.36 लाख का 50 प्रतिशत राशि 24.18 लाख से जल संवर्धन संबंधी कार्य, ग्राम पारा, कालीदेवी में टाईड फण्ड प्रावधानित राशि 48.36 लाख का 50 प्रतिशत राशि 24.18 लाख से जल स्वच्छता संबंधी कार्य एवं ग्राम देवली, उमरकोट में टाईड फण्ड 20 प्रतिशत राशि 9.66 लाख की राशि निर्धारित की गई।अनटाईड फण्ड प्रावधानित राशि 32.24 लाख से अधो संरचना संबंधी कार्य के लिये ग्राम हत्यादेली, रोटला में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये एवं ग्राम भूराडाबरा में अतिरिक्त कार्य योजना के लिये अनटाईड फण्ड 20 प्रतिशत राशि 6.44 लाख।यह जनपद पंचायत पेटलावद, मेघनगर, झाबुआ, रानापुर, थान्दला एवं रामा द्वारा वर्ष 2023-24 की 15 वां वित्त खण्ड पंचायत विकास प्लान (डीपीडीपी) में लिये गये कार्यो का जिला योजना समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

## पेयजल समस्या को दूर करने के लिए 15 नलकूप खनन की स्वीकृति दी गई

**झाबुआ / माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने पेयजल समस्या को दूर करने के लिए 15 नलकूप खनन की स्वीकृति दी गई। जिसमें राणापुर जनपद के ग्राम पंचायत बुधाशाला के ग्राम बुधाशाला सिंधु फलिया, राणापुर जनपद के ग्राम पंचायत सरदारपुरा के ग्राम सरदारपुरा गुलाब फलिया, राणापुर जनपद के ग्राम पंचायत समोई के ग्राम समोई मोद फलिया, झाबुआ जनपद के ग्राम पंचायत कालाखूंट के ग्राम कालाखूंट मंदिर फलिया, राणापुर जनपद के ग्राम पंचायत चुई के ग्राम चुई स्कूल फलिया, झाबुआ जनपद के ग्राम पंचायत नल्दी छोटी के ग्राम नल्दी बडी भाबोर फलिया, रामा जनपद के ग्राम पंचायत पारा के ग्राम लखपुरा स्कूल फलिया, रामा जनपद के ग्राम पंचायत धंधलपुरा के ग्राम बेहाडवी होली फलिया, रामा जनपद के ग्राम पंचायत धंधलपुरा के ग्राम बेहडवी हथनिया फलिया, रामा जनपद के ग्राम पंचायत भुतेडी के ग्राम भुतेडी होली फलिया, रामा जनपद के ग्राम पंचायत ढोचका के ग्राम ढोचका सेंगल फलिया, रामा जनपद के ग्राम पंचायत जम्बुकुंदी के ग्राम जम्बुकुंदी गोहारी फलिया, रामा जनपद के ग्राम पंचायत चुलीया बडी के ग्राम चुलीया बडी भुरा फलिया, झाबुआ जनपद के ग्राम पंचायत गोला छोटी के ग्राम गोला छोटी बाबादेव फलिया, झाबुआ जनपद के ग्राम पंचायत बामनसेमलिया के ग्राम बामनसेमलिया भूरा फलिया, में स्वीकृत किये गये है।

## 22 स्थानों पर हुआ होलिका दहन शोकसंतृप्त परिवारों में घर जाकर लगाया रंग



**अमझेरा /आशीष पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसके तहत 22 स्थानों पर होलिका दहन किया गया । भद्रा नक्षत्र होने के कारण इस बार मंगलवार की अलसुबह होलिका दहन किया गया । बस स्टेण्ड, श्रीराम चैक,भेरू मोहल्ला,तंबोली मोहल्ला,काछी मोहल्ला,नृसिंह दरवाजा,कांतिधाम मंदिर,नृसिंह मार्ग,भोई मोहल्ला,महाराव बख्तावर मार्ग,अस्पताल तिराहा,थाना पीछे,इंदिरा कालोनी,नयापुरा,लोहारकुँआ,गवली मोहल्ला आदि स्थानो पर होलिका दहन किया गया वहीं अगले दिन धुलेड़ी पर ब्राहमण समाज,कुषवाह समाज,राजपुत समाज आदि के द्वारा नगर के शोकसंतृप्त परिवार वालों के घर जाकर उन पर रंग-गुलाल लगाया गया ।

## बारिश व ओलावृष्टि से हुआ फसलों को भारी नुकसान

### पूर्व मंत्री सोनकच्छ विधायक सज्जन सिंह वर्मा पहुंचे खेतों में किसानों के बीच



**भौरासा/देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोनकच्छ के पीपलरावां में कल अचानक से मौसम ने करवट बदली जहां पर बारिश व ओले किसानों पर कहर बनकर टूट पड़े पीपलरावा में सोमवार शाम 5:00 बजे के बाद अचानक मौसम ने करवट बदली वहा एकदम तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हो गई जिससे क्षेत्र के किसानों की फसलों पर खासा असर देखने को मिला पीपलरावां नगर में कल 10 एमएम तक की साइज के ओले गिरते हुए नजर जिससे गेहूं की फसलें ऑडी पड़ गई वह अन्य फसलों को भी भारी नुकसान हुआ जिसकी जानकारी मिलते ही आज मंगलवार दोपहर में पूर्व मंत्री व सोनकच्छ विधायक सज्जन वर्मा पीपलरावा के गावो में पहुंचे और नुकसान वाले खेतो में पहुंचे व फसलों का निरीक्षण किया साथ ही यहा से अधिकारियों को निर्देश भी दिए की जल्द इनका सर्वे करे व उचित मुवावजा दिया जाए ।

# जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत द्वारा जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आये ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और तत्काल निराकरण के निर्देश दिये

**झाबुआ / माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमन वैष्णव द्वारा जनसुनवाई में आज 8 आवेदन प्राप्त किये जिसे सम्बधित विभाग को तत्काल जॉच कर निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में एडीएम एस.एस. मुजाल्दा के द्वारा भी आवेदको से आवेदन प्राप्त कर संबंधित विभाग को निराकरण हेतु प्रेषित किये।आज जनसुनवाई में दुरस्त ग्रामीण क्षेत्रों से आये ग्रामीणों की समस्यों को सुना एवं संबधित विभाग के जिला अधिकारी को



निराकरण के लिए दिया। आज जनसुनवाई में जो आवेदन प्राप्त हुये है, जिसमें प्रमुख रूप से नसीमबी पति स्व. शहजाद खॉन उर्फ सजातुल्ला खान निवासी 23 कैलाश मार्ग झाबुआ ने अजीजु रहमान पिता मुस्ताक एहमद, मुजिबुर रहमान उनके पुत्रगण निवासी मौलाना आजाद मार्ग झाबुआ के विरूद्ध बाथरूम के सामने की खिडकी बन्द करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। प्रार्थी गोविन्द पिता कोदा गरवाल, निवासी ग्राम पनास, ग्राम पंचायत काजबी तहसील पेटलावद ने ग्राम पंचायत काजबी के सचिव दयाराम गवली द्वारा सोसायटी स्वीकृत करवाने हेतु पैसे लेने और पेसे लेने के बाद सोसायटी स्वीकृत नही करवाने के बाद भी पैसे नही लौटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रार्थी पारू भूरजी अमलियार ग्राम कुटिया जिला झाबुआ के द्वारा इलेक्ट्रोनिक साईकिल प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रार्थी नरेन्द्र भूरिया के द्वारा प्रधानमंत्री आवास की राशि नही मिलने के संबंध में आवेदन दिया गया। प्रार्थी नितेश पिता विरिंसह वागुल, राकेश पिता पन्नालाल भूरिया, राजु पलासिया पिता नानजी पलासिया, सकरियापलासिया पिता नानजी एवं लुंगा मेडा निवासी गडवाडा तहसील मेघनगर के द्वारा ग्रामपंचायत गडवाडा के अन्तर्गत रोड निर्माण हेतु व तालाब निर्माण व पानी के टेंकर में मेरे टेक्टर चलने पर उसका भुगतान सरपंच/सचिव के द्वारा नही किये जाने पर उचित कार्यवाही करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत अमन वैष्णव के द्वारा संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान संबंधित विभाग के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कैबिनेट मंत्री देवड़ा और डंग खेतों में पहुंचे, किसानों को दिया आश्वासन





**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में रविवार-सोमवार को हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसलों में बड़ा नुकसान सामने आया है। किसानों ने गेहूं चना इसबगोल और अफीम में नुकसान की बात कही है और मुआवजे की मांग की है। उधर प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त हुई फसलों का मुआयना करने के लिए आज जिले के दोनों मंत्री जगदीश देवड़ा और हरदीप सिंह अपने अपने विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रो में पहुंचे और फसलों को हुए नुकसान का मुआयना किया।

प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा मल्हारगढ़ क्षेत्र के बही पार्श्वनाथ खोकरा पिपलिया मंडी निनोरा गांव में पहुंचे और गेहूं अलसी चना इसबगोल और अफीम की फसलों को देखा। वित्त मंत्री ने माना कि फसलों में नुकसान हुआ है इसका सर्वे करने के निर्देश अधिकारी को दिए है, अधिकारी खेतों में पहुंचकर सर्वे कर रहे हैं जल्दी रिपोर्ट उनके पास आएगी और इसी आधार पर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है । वित्त मंत्री ने भी माना कि अफीम की फसल में भी बड़ा नुकसान हुआ है लेकिन अफीम के नुकसान के लिए सरकार की कोई पॉलिसी नहीं है लिहाजा वे केंद्रीय वित्त मंत्रालय को पत्र भेजकर किसानों को राहत देने के लिए निवेदन करने के साथ सीएम से भी बात करेंगे। सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग ने भी किसानों के खेतों में पहुंचकर नुकसानी का जायजा लिया।

# संकट के समय वित्त मंत्री करें किसानों की मदद-परशुराम सिसोदिया

## बगैर सर्वे के मुआवजा व अफीम नियमों में संशोधन की मांग >> किसानों के साथ कांग्रेसजनों ने तहसील कार्यालय के बाहर बैठकर की नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन





**मंदसौर/मल्हारगढ़/दैनिक मालवा हेराल्ड।।** क्षेत्र में 4 से 6 मार्च को हुई बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से अफीम, अलसी, गेहूं, ईसबगोल सहित अन्य फसलों को नुकसान हुवा है। मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ ने किसानों की उपस्थिति में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार वंदना हरित को सौंपा। ज्ञापन का वाचन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने किया। बताया कि कमलनाथ सरकार ने 2019 में अतिवृष्टि के दौरान बगेर सर्वे के किसानों पर्याप्त मुआवजा दिया था। ज्ञापन में यह भी बताया कि अफीम उत्पादक किसान इस समय ओलावृष्टि व तेज बारिश से काफी दुःखी एवं परेशान है चीरा लगी हुई अफीम सारी धूल है इससे किसानों को अपनी अफीम की औसत पूरी करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। नियमो में संशोधन होना ही चाहिए। प्राकृतिक आपदा व अन्य कारणों से अफीम फसल क्षतिग्रस्त होने पर अफीम उत्पादक किसानों को कभी भी किसी प्रकार की कोई राहत नही दी जाती है,पुराने बने हुवे नियमो में किसान हित में तत्काल संशोधन होना चाहिए व अफीम उत्पादक किसानों को राहत देने चाहिए क्योंकि नुकसान सामने दिख रहा है। कांग्रेस नेता परशुराम सिसोदिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों की कमर टूट गई है। कांग्रेसजन लगातार खेतो में पहुंचकर नुकसानी का जायजा ले रहे हैं। होना यह था कि नुकसान के तत्काल बाद बगेर सर्वे के किसानो के खाते में मुआवजा की राशि डालना थी, किसान आज काफी संकट में है।

# आस्था में विश्वास अनादि कल्पेश्वर मंदिर आलोट







**आलोट/राकेश चोहान पिंटू/ दैनिक मालवा हेराल्ड।**अनादि कल्पेश्वर महादेव मंदिर आलोट पर होली के पर्व पर मंदिर प्रांगण पर लगभग 5000 लोगों ने मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ लिया है चूल की आरती पंडित अनिल रावत एवं अन्य पुजारियों ने मिलकर पूजा-अर्चना करवाई वहीं पर नगर के गणमान्य नागरिकों के द्वारा चूल की पहले पूजन की गई फिर आरती ग इ जिसके बाद धड़कते अंगारे पर लोगों ने निकलना प्रारंभ किया कहा जाता है कि चूल में निकलने से मन्नत मांगी हुई पूरी होती है वह आगामी वर्ष में जो भी अपनी मांग मांगता है वहा पूरी होती है ऐसा पंडित रावल अनिल पुजारी ने बताया कि यहां पर परंपरागत धुलेटी के दिन चूल का आयोजन किया जाता है जिसमें आज लगभग 500 श्रद्धालु मंदिर प्रांगण पर पहुंचे और उन्होंने चुल में चलकर अपनी मनोकामना की अर्जी लगाई वहीं पूरे प्रांगण में भक्तों का बड़ी संख्या में जमावड़ा देखने को मिला चूल में निकलने के बाद अनादि कल्पेश्वर महादेव की आरती हुई इस अवसर पर पुलिस प्रशासन की ओर से चाक चोकन्ना व्यवस्था की गई थी जिसमें देखा गया कि दर्शनार्थियों के बैठने के लिए नगर परिषद द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे टेंट लगाया गया था वही पीने के लिए पानी के टैंकर की व्यवस्था की गई यहां पर चूल में निकलने के बाद पुजारी अनिल रावल के द्वारा चुल के अंदर दही डाला गया और सभी दर्शनार्थियों ने मिट्टी डालकर झूल को ठंडा किया आलोट का एक प्रसिद्ध स्थल है जोकि पुराणों में इसका लेख है यहां सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होती है और अनादि कल्पेश्वर के पास बड़ा कनक पर्वत है ऐसी मान्यता बताई गई है वही आलोट के हिंगलाज माता मंदिर समिति विक्रमगढ़ द्वारा भी जूल का आयोजन किया गया यहां भी बड़ी मान्यता हिंगलाज माताजी की है वहां भी हजारों भक्तों ने पहुंचकर दर्शन लाभ लिए और चूल में निकलना प्रारंभ किया ।

# विद्युत उपभोक्ताओं से वसूली हेतु जब्ती/कुर्की की कार्यवाही शुरू

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विद्युत विभाग के संचारण- संधारण संभाग देवास द्वारा ऐसे सक्षम बकायादार विद्युत उपभोक्ता जिनके द्वारा बिजली बिल की राशि का लम्बे समय से भुगतान नहीं किया जा रहा था और सूचना दिए जाने के बाद भी बिजली बिल भुगतान नहीं किया जा रहा था उनके विरूद्ध चल-अचल सम्पत्ति की जप्ती/कुर्की की कार्यवाही तेज कर दी गई है। कार्यपालन यंत्री जितेन्द्र भारती ने बताया कि ऐसे सक्षम उपभोक्ता जो बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे थे, विगत 7 दिवस में 24 मोटर सायकल जप्त कर ली गई। खटाम्बा वितरण केन्द्र के जवानसिंह हिन्दू सिंह बकाया राशि 77,986 रू पर मोटर सायकल, शरीफ खान हमीद खान बकाया राशि 26037 /- रूपए पर बजाज डिस्कवर बाईक, भगवान सिंह उमरावत सिंह बकाया राशि 16,359 रू पर मोटर सायकल, भेरू राजाराम बकाया राशि 17,880 पर मोटर सायकल जप्त की गई। सिंगावदा वितरण केन्द्र में सोहन राधेश्याम की बिजली बिल बकाया राशि 6541 /- रू पर मोटर सायकल, इंदरसिंह नाथुसिंह पर बकाया राशि 10057 /- रू पर मोटरसायकल जप्त की गई। संभाग के वितरण केन्द्र विजयगंजमंडी, डबलचौकी, बरोठा, क्षिप्रा में भी वसूली कार्यवाही के तहत जप्ती/कुर्की की कार्यवाही की जा रही है। कार्यपालन यंत्री द्वारा बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बकाया राशि का भुगतान करे एवं जिन कनेक्शनों को बकाया राशि पर काटा गया है वह अवैध रूप से बिजली का उपयोग नहीं करें, नहीं तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# मंदसौर में हुआ होलिका दहन, आज निकलेगी गेर, उडेगा रंग-गुलाल

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।**जिले में मंगलवार सुबह कई जगह होलिका दहन किया गया। वहीं अधिकांश जगहों पर शाम को शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। होली पर्व को लेकर पुलिस का सख्त पहरा शहर के साथ पूरे जिले में लगाया गया। होलिका दहन वाले सभी स्थानों पर पुलिस की तैनाती की गई। मंगलवार को शहर में करीब 225 और जिले में करीब एक हजार से अधिक स्थानों पर होलिका दहन का कार्यक्रम हुआ। होलिका का दहन होने के साथ ही सभी जगह रंग-गुलाल से सरोबार हो गई। वहीं कॉलोनियों, मोहल्लों में परंपरागत तरीकों से बच्चों और युवाओं ने होलिका दहन किया। होलिका दहन को लेकर पुलिस-प्रशासन भी सतर्क रहा।

होलिका दहन पर्व को लेकर खूब उत्साह रहा। होलिका दहन होते ही रंग-गुलाल से होली शुरू हुई। शहर में गोल चौराहा, जीवागंज, जनकुपुरा, खानपुरा, घंटाघर, कालाखेत, रामटेकरी, जनता कॉलोनी, संजीत नांका, नयापुरा, अभिनंदन नगर, सीतामऊ फाटक, नई आबादी सहित शहर के सभी क्षेत्रों में होलिका का दहन हुआ। इस तरह धुलेंडी पर्व का उत्साह भी रात से ही शुरू हो गया। युवाओं, बच्चों से लेकर महिलाओं, बुजुर्गो में भी होली पर्व को लेकर खूब उत्साह है। आज बुधवार को धुलेंडी पर्व पर नगर में बालाजी ग्रुप द्वारा रंगारंग गेर निकाली जाएगी, इसके साथ ही अलग-अलग समाजों की भी गेर निकलेगी। होली पर्व पर रंगों से तन-मन सरोबार होंगे। गोवर्धननाथ मंदिर की होली शाम को दहन की गई। वहीं गणपति चौक की होली भी सुबह 6.45 बजे दहन हुई।

## खूब बिका रंग-गुलाल और पिचकारी

धुलेंडी पर्व पर सभी को रंगों से भीगाने के लिये बच्चे पूरी तरह से तैयार है। धुलेंडी के एक दिन पहले सोमवार और मंगलवार को बाजार में दुकानों पर रंग-गुलाल और पिचकारी की खूब ग्राहकी हुई। बच्चों ने अपनी-अपनी पसंद की पिचकारी खरीदी वहीं बड़ों ने रंग और गुलाल खूब खरीदा है। बाजार में सुबह से रात तक रंग-गुलाल की खरीददारी चलती रही। वहीं रंग-गुलाल व पिचकारी विक्रेता दुकानदारों का कहना है कि इस साल लोगों में होली पर्व पर बहुत उत्साह है।

# आवेदकों ने एसडीएम सोनी को बताई अपनी समस्याएं, त्वरित निराकरण के अधिकारियों को दिये निर्देश

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में एसडीएम प्रदीप सोनी ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपने आवेदन एसडीएम सोनी के समक्ष प्रस्तुत किए। आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीएम श्री सोनी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में अनुग्रह सहायता राशि दिलाने, अतिक्रमण हटाने, आर्थिक सहायता दिलाने, पात्रता पर्ची बनाने, फसल बीमा की राशि दिलाने, इलाज के लिए सहायता दिलवाने, मीटर बदलवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, रास्ते पर से अतिक्रमण हटाने, बिजली बिल कम कराने सहित अन्य आवेदन पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

# नाहर सैय्यद मेला में मुशायरा व कवि सम्मेलन हुआ



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नाहर सैय्यद मेला में सोमवार रात्रि में मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश के ख्याति प्राप्त शायरों व कवियों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति से समां बांध दिया। रात्रि 9.30 बजे प्रारंभ हुआ मुशायरा देर रात्रि तक चला। मुशायरा का संचालन करते हुए इस्माइल नजर देवास ने हिन्दू मुस्लिम एकता पर कहा कि ''गंगा जमुनी तहजीब मुल्क की ताकत, हमारे गांव के हिन्दू दर्जी नमाजियों की टोपियां बनाते है।'' यह वहीं हिन्दुस्तान है जहां रसखान ने कृष्ण भक्ति में कविताएं लिखी है। इस मौके पर विशेष रूप से भाजपा नेता बंशीलाल गुर्जर भी उपस्थित थे। उज्जैन के नरेन्द्र नख्तरी ने हास्य व्यंग से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उन्होंने बस के कंडक्टर एवं सावले व्यक्तियों पर कई व्यंग पड़े। जिसे सुनकर श्रोतागण हंसी से लोटपोट हो गये। उन्होंने चिड़िया पर मालवी भाषा में प्रेम गीत भी सुनाया जिसे सभी ने प्रसंद किया। राणा तबस्सुम मुम्बई ने श्रृंगार रस कीशायरी पढ़ते हुए 'चल साजन नदिया के पार छुट्टी का दिन है इतवार, तुझको बुलाये मेरा प्यार, शाम सुहानी है तू शहजादा मैं तेरी रानी, चल मेरे साजन नदिया के पार ...'' **पंक्तियों पर खूब दाद बटोरी, उन्होनें 'पान की ग्लोरी सा साजन का प्यार है, चढ़ता ही जाये रंग शानदार है............'' पंक्तियां भी पढ़ी।**

# कलेक्टर श्री वानखेड़े ने जिलेवासियों को होली पर्व की दी शुभकामनाएं

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कैलाश वानखेड़े ने जिलेवासियों को होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर ने जिलेवासियों से होली त्यौहार परस्पर स्नेह, प्रेम एवं भाईचारे के साथ मानने की अपील की है।

कलेक्टर ने अपने संदेश में कहा है कि होली त्यौहार में हानिकारक रंगों का उपयोग नहीं करें, किसी को परेशान करने की नियत से कोई भी गतिविधि आयोजित नहीं करें। बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए डीजे का उपयोग निर्धारित अवधि में तथा कम ध्वनि में करे।

# बारिश एंव ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का विधायक राणा एंव कलेक्टर वानखेड़े ने खेतो में पहुंचकर किया निरीक्षण कलेक्टर ने राजस्व की टीम को सर्वे करने के दिये निर्देश



**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड(गिरिराज बंजारिया)।** सोमवार को दोपहर बाद क्षेत्र के अधिकांश गांवों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। जिससे किसानों के खेत में खड़ी एंव कटी पड़ी हुई फसलों के साथ संतरा की फसल का भी काफी नुकसान हुआ। जिसको देखते हुए 7 मार्च मंगलवार की सुबह 11 बजे आगर जिला कलेक्टर कैलाश वानखेड़े ने राजस्व एंव उद्यानिकी अमले के साथ क्षेत्र के गांव परसुलिया कला,अंतरालिया,मोड़ी,जाख में किसानों के खेतों में पहुंचकर निरीक्षण किया साथ ही विधायक राणा विक्रम सिंह ने भी साथ में निरीक्षण किया।

आपको बता दे कि निरीक्षण के बाद कलेक्टर वानखेड़े सुसनेर रेस्ट हॉउस पर पहुंचे। रेस्ट हॉउस पर फसल निरीक्षण को लेकर कलेक्टर ने मीडिया को बाईट देते हुए बताया कि आज आगर,नलखेड़ा,सुसनेर तहसील के जिन गांवों का निरीक्षण किया है,इसके अलावा आगर जिले में जंहा पर भी किसानों के खेत में फसलों का नुकसान हुआ है वंहा सभी जगह राजस्व की टीम को सर्वे करने के निर्देश दिये है। साथ ही मीडिया द्वारा सहकारी संस्था के सवाल पर कलेक्टर वानखेड़े ने कहा कि सहकारी संस्था घोटाले को लेकर जांच करवाई जायेगी। जांच के बाद इसमें जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान रेस्ट हॉउस पर कलेक्टर वानखेड़े के साथ उद्यानिकी विभाग के एसके राठौर,जनसंपर्क विभाग के अधिकारी रामभरोस दाधीच व स्थानीय मीडिया के साथी मोजुद थे।


## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

## // जाहिर सूचना //

प्राधिकरण की महानंदा नगर योजना के अतंर्गत आवासीय उपयोग के भवन/भूखण्ड क्रं. ए-33/3 श्रेणी एलआईजी को लीज होल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में 1- श्री नरेन्द्र मोहन शर्मा पिता स्व. श्री डालचन्द्र जी शर्मा निवासीः- ए-33/3 महानंदा नगर उज्जैन म.प्र. के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में सपरिर्वतन करने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखो में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उ.वि.प्रा. उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन (म.प्र.) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेजों तथा बकाया राशियों जमा होने पर आवदेन तथा दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी।

तद्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन


# राज्य स्तरीय स्पर्धा में बदनावर की खिलाड़ी पूजा सोलंकी ने स्वर्ण पदक जीत कर फिट24जिम का नाम किया रोशन





**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड ।** मध्यप्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान मैं 3 से 5 मार्च तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय क्लासिक पावरलिफ्टिंग एवं बेंच प्रेस प्रतियोगिता रंगवासा राऊ मैं हुई। प्रतियोगिता मैं धार डिस्ट्रिक्ट वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने जिले का प्रतिनिधित्व कर सात पदक अर्जित कर जिले का गौरव बढ़ाया वही बदनावर शहर की fit24gym की खिलाड़ी पूजा सोलंकी ने पावरलिफ्टिंग एवं बेंच प्रेस स्पर्धा दोनो मैं स्वर्ण पदक हासिल कर बदनावर शहर का नाम रोशन किया। खिलाड़ी की इस अतुलनीय उपलब्धि पर फिट 24जिम के कोच पवन शर्मा ने विजेता खिलाड़ी को शुभकामनाएं दी।

## सम्पादकीय

# विपक्षी दलों का पत्र

केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की शिकायत करने वाले दलों की मानें तो मनीष सिसोदिया को बिना किसी प्रमाण गिरफ्तार किया गया। यदि ऐसा है तो अदालत ने उन्हें जमानत देने से मना करते हुए सीबीआइ के रिमांड पर क्यों भेजा।

दिल्ली की शराब नीति के मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आठ विपक्षी दलों की ओर से लिखा इस आशय का पत्र कई प्रश्न खड़े करता है कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस पत्र में आम आदमी पार्टी के साथ सात अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी हस्ताक्षर किए हैं। सबसे पहले तो यही प्रश्न उठता है कि आखिर आम आदमी पार्टी को छोड़कर केवल सात विपक्षी दल ही इस नतीजे पर क्यों पहुंचे कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त यह प्रश्न भी उठता है कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस पत्र पर हस्ताक्षर कैसे कर सकती हैं? क्या बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले को अनदेखा कर दिया जाए। शिक्षकों की भर्ती में घोटाला किया गया और बेहद बेशर्मी के साथ किया गया, यह निष्कर्ष कलकत्ता उच्च न्यायालय का है। क्या तृणमूल कांग्रेस समेत अन्य दल यह चाहते हैं कि देश की जनता यह विस्मृत कर दे कि शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के यहां से करोड़ों की नकदी बरामद की गई थी? यदि तृणमूल कांग्रेस पार्थ चटर्जी को निर्दोष मानती है तो फिर उसने उन्हें पार्टी से निलंबित क्यों किया।

केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की शिकायत करने वाले दलों की मानें तो मनीष सिसोदिया को बिना किसी प्रमाण गिरफ्तार किया गया। यदि ऐसा है तो अदालत ने उन्हें जमानत देने से मना करते हुए सीबीआइ के रिमांड पर क्यों भेजा। इससे भी महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि शराब नीति में कहीं कोई खामी नहीं थी तो फिर घोटाले का शोर मचते ही उसे वापस क्यों लिया गया? क्या विपक्षी दल इसकी जिम्मेदारी ले सकते हैं कि दिल्ली सरकार की ओर से वापस ली गई शराब नीति में कहीं कोई खामी नहीं थी और उससे शराब विक्रेताओं को कहीं कोई अनुचित लाभ नहीं मिल रहा था।

एक सवाल यह भी है कि क्या चिट्ठी लिखने वाले विपक्षी दलों के नेता मनीष सिसोदिया समेत जो अन्य नेता घपले-घोटालों के आरोप में केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं, उनके निर्दोष होने का प्रमाण दे सकते हैं? यह हैरानी की बात है कि विपक्षी नेताओं की चिट्ठी में उन लालू यादव का भी जिक्र है, जिन्हें चारा घोटाले में सजा सुनाई जा चुकी है।

यह सही है कि ऐसी कोई सरकार नहीं, जिस पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप न लगता हो, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि राजनीतिक भ्रष्टाचार पर पूरी तरह लगाम लग गई है। राजनीतिक भ्रष्टाचार एक कटु सच्चाई है। इसी प्रकार यह भी एक सच है कि राजनीतिक दल अपनी राजनीति चलाने के लिए धन का प्रबंध घपलों-घोटालों के जरिये भी करते हैं। इसी कारण नेताओं के घपले-घोटाले सामने आते रहते हैं।

### महिला दिवस विशेष

## स्त्री की जिम्मेदारी पुरुषों से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण व सूक्ष्म होती है -श्री माताजी

भारतीय संस्कृति में स्त्री को 'शक्ति स्वरूपा' कहा जाता है। वैदिक संस्कृति के अनुसार तो,
यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता ॥
अर्थात् जहाँ नारी का आदर किया जाता है वहाँ देवताओं का वास होता है।



आज के 'महिला दिवस के अवसर पर हम प्रकाश डालते है 'महिला शक्ति' और उनके अंदर विद्यमान अलौकिक गुणों पर। आज महिला, जीवन के हर क्षेत्र में अग्रसर है। हमारी राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू जी हैं। आज महिलायें डॉक्टर, इंजिनियर, पायलट, वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी, सैन्य दल में अधिकारी आदि अनेक पदों पर आसीन हैं। इतना ही नही पूर्वकाल में जो सेवायें केवल पुरुषों द्वारा की जाती थीं उन क्षेत्रों में भी महिलाओं ने कौशल अर्जित किया है।

भारतीय महिलाओं की प्रेरणा स्त्रोत %आहिल्या, सीता, द्रौपदी, तारा, मंदोदरी %इन पंच कन्याओं को प्रातः स्मरणीय और पूजन योग्य माना जाता है। वैदिक काल में अपने यजमान महर्षि याज्ञवल्क्य से आत्मज्ञान प्राप्त करने वाली मैत्रेयी, अपने मर्यादा पुरुषोत्तम के साथ 14 वर्ष का वनवास पूर्ण करने के बाद अग्नि में प्रवेश द्वारा अपने चारित्र का प्रमाण देनेवाली आदिशक्ति मां सीता, पावन पतिव्रता द्रोपदी, संपूर्ण जगत को शांति का संदेश देने वाले सम्राट अशोक की मात्ता सुभद्रांगी, हिंदवी स्वराज के संस्थापक %छत्रपती शिवाजी महाराज % की माता जीजाबाई, ताराबाई, अहिल्याबाई होल्कर, झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई , पद्मावती और इनके जैसी अनेक महिलायें हमारे लिये अनुसरणीय और पूजनीय है। आधुनिक समय में भी सावित्रीबाई फुले, पंडिता रमाबाई आदि प्रेरक व्यक्तित्व हुए हैं जिन्होंने महिला शिक्षा के लिए अद्भुत कार्य किया। आज के महिला दिवस पर हम शत-शत प्रणाम करते हैं, सहजयोग संस्थापिका श्री निर्मला श्रीवास्तव जी को, जिन्हें संपूर्ण विश्व %श्री माताजी %के नाम से जानता है । प.पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी ने 5 मई 1970 को कुंडलिनी जागरण द्वारा सामूहिक आत्मसाक्षात्कार देने की एक अभिनव पद्धति खोज निकाली. मानवीय जटिलताओं के बारे में गहन ध्यान कर, मानवीय उत्क्रांति में एक नया इतिहास रच दिया। श्री माताजी का संपूर्ण जीवन कृत्रिमता से परे स्त्री शक्ति की असीम क्षमताओं वह उनके उत्थान का अनुपम उदाहरण है। उपरोक्त वर्णित सभी महान महिलाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में विशेष योगदान दिया परंतु साथ ही साथ स्त्री के मूल गुण व चारित्रिक विशेषताओं तथा स्त्रीत्व को भी पूर्ण रूप से सार्थक किया। श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में स्त्री की विशेषताओं को इस प्रकार वर्णित किया है,

सब से पहले हमें यह समझना चाहिए कि समाज पूर्ण रूप से गृहलक्ष्मी पर निर्भर है इसका अर्थ है कि एक घर की स्त्री का बड़ा उच्च चरित्र होना चाहिए, उसे सम्मानित व प्रतिष्ठित होना चाहिए। समाज उसकी जिम्मेदारी है।.. मैं समझती हूं कि उसकी जिम्मेदारी पुरुषों से कहीं अधिक कठिन व सूक्ष्म है और वह परिवार की शक्ति है।सहजयोग का अभ्यास हमें संतुलन स्थापित करना सिखाता है जो वर्तमान की कामकाजी महिलाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं - 1800 2700 800 बेवसाइट? - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल - लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06÷30 बजे ।

# होली पर राशि के अनुसार कर लें ये काम, जीवन में होगी पैसों और खुशियों की बरसात!

**हिंदू धर्म**-ज्योतिष में होली का पर्व बहुत महत?वपूर्ण माना गया है. इस बार होली पर शनि का स्वराशि कुंभ और गुरु का मीन राशि में रहना बेहद शुभ संयोग बना रहा है. ऐसे में राशि के अनुसार उपाय करना आपको बहुत लाभ देगा.।

होली का त्योहार पुराने गिले-शिकवे दूर करने, बेरंग जिंदगी में उमंग और उत्साह के रंग भरने, आपसी कटुता भुलाकर प्रेम और सौहार्द के लिए जाना जाता है. हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होली का त्यौहार मनाया जाता है. इस बार भी आपने होली की तैयारी तो कर ही ली होगी. यदि इस बार आप अपनी राशि के अनुसार रंगों का चुनाव करेंगे और कुछ ज?योतिषीय उपाय करेंगे तो आपको होली खेलने कई गुना ज?यादा फल मिलेगा.।

**मेष** - मेष राशि के लोगों को लाल रंग के गुलाल का प्रयोग करना चाहिए. लाल रंग शक्ति, साहस और प्रेम का प्रतीक होता है. लाल रंग के फूलों से बने हुए लाल रंग के गुलाल का प्रयोग करने से आपके प्रेम संबंध प्रगाढ़ होते हैं. होली खेलने के लिए घर से निकलने के पहले इन्हें लाल रंग का टीका लगाकर ही निकलना चाहिए. जिसके साथ होली खेलें उसे बाद में लड्डू, चॉकलेट या टॉफी आदि भुना हुआ मीठा खिलाएं. ।

**वृषभ** - इस राशि के लोगों के लिए हल्के रंगों से होली खेलना अच्छा रहेगा, लेकिन ध्यान रहे कि यह रंग गैर केमिकल वाले हों. इससे भी अधिक अच्छा होगा कि वह फूलों की होली खेलें, इसके लिए आपको थोड़े से फूल बाजार से लाने हैं और एक डोलची में उनकी पंखुड़ी अलग कर लें. बस अब क्या घर पर कोई मिलने आया तो पंखुड़ियों बिखेर कर उनका स्वागत करिए. होली पर रंगों की होली के साथ ही मथुर और प्रेम भरी वाणी से भी होली खेलिए. बाहर वालों के साथ ही घर वालों के साथ भी होली खेलें.।

**मिथुन** - मिथुन राशि के लोगों को हरे रंग से होली खेलने अच्छा रहेगा लेकिन केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए. इस राशि के लोगों को तो सिर्फ हर्बल रंगों का प्रयोग करना चाहिए. और हां, आपको दोस्तों, रिश्तेदारों या फिर पड़ोसियों से होली खेलने में खेल भावना का ही ध्यान रखना चाहिए, कोई पुरानी खुन्नस नहीं निकालनी है और न ही फूहड़ता का प्रदर्शन करना है. एक दूसरे पर पानी की फुहार मार कर भी खेला जा सकता है. छोटे भाई बहनों को भी प्रेम से रंग लगाएं और आशीर्वाद दें. अपने बॉस या बेस्ट फ्रेंड को इस दिन रबड़ी खिला कर प्रसन्न कर सकते हैं.।

**कर्क** - इस राशि के लोगों को होली तो खेलनी ही है लेकिन उन्हें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि सभी लोगों के साथ प्रेम भाव रखना है. सभी लोगों से इतने प्यार से बात करनी है कि वह आपकी वाणी सुन कर अभिभूत हो जाएं. आपको अपनी राशि के हिसाब से बहुत ही हल्के रंगों का प्रयोग करना है. जिस जल से रंगों को बनाया जाए वह सुगंधित होना चाहिए. इस सुगंधित जल का प्रयोग आपके लिए सुख और सौभाग्य दायक रहेगा. केमिकल वाले रंगों के स्थान पर आप पलाश के फूलों से या उससे बनाए हुए रंगों से होली खेलें तो और भी अच्छा रहेगा. इस दिन आप ठंडाई पी कर और पिला कर भी मेहमानों को खुश कर सकते हैं.।

**सिंह** - सिंह राशि वाले गीली के बजाय सूखी होली खेले तो अधिक अच्छा रहेगा. आप लाल और गुलाबी रंग के गुलाल से होली खेलें तो आपके लिए यह काफी शुभ रहेगा, होली के बाद आपकी किस्मत के दरवाजे खुल जाएंगे. घर परिवार और आस पड़ोस में जो भी आपको बड़ा दिखे उसे सम्मान पूर्वक प्रणाम करें. और हां, इस बार की होली में अपने बॉस को विश करना कतई न भूलें. होली का पर्व एक दूसरे के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने का है न कि नशे में धुत होने का. यदि आपके दोस्त बुलाए या आपके घर आकर शराब पीने को कहें तो इस दिन शराब को हाथ नहीं लगाना है. शराब पीने से आपकी होली खराब हो जाएगा और आगे भी आपको इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है.।

**कन्या** - इस राशि के लोगों को इस होली में शत्रुओं से भी प्रेम करना चाहिए और किसी के साथ भी कटुता नहीं करनी है. यदि आप बीमार हैं या किसी तरह की एलर्जी है तो होली नहीं खेलना चाहिए बल्कि माथे पर गुलाल से छोटा सा टीका लगा कर प्रणाम करना चाहिए.।

**तुला** - तुला राशि वाले इत्र और परफ्यूम डाल कर दूसरों के साथ होली खेलें, गुलाब जल से भी होली खेल सकते हैं. रंग खेलते समय शालीनता तो बनाकर रखनी ही होगी. रंग खेलने के बाद शांति से बैठकर रसमलाई जैसी रसीली मिठाई भी खिलाएं, इससे रिश्तों में और भी रस आएगा.।

**वृश्चिक** - इस राशि के लोग यदि इस बार की होली में किसी अपने से कटुता समाप्त कर प्रेम और भाईचारे के संबंध बनाना चाहते हैं तो उन्हें इस बार उनके साथ लाल रंग के गुलाल से होली खेलना चाहिए. यदि किसी ब्लड रिलेशन से आपकी नहीं पटती और 36 का आंकड़ा है तो इस बार की होली उस विवाद को भुलाने के लिए ही है, बस आपको उनके साथ लाल रंग से होली खेलना होगा. इस राशि के लोगों को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि किसी के ऊपर न गंदा पानी डालें और न ही उस पानी से खेलें. किसी के साथ ऐसा मजाक न करें जिससे किसी को हानि हो.।

**धनु** - आपको पीले रंग का प्रयोग करना चाहिए. अपने गुरुओं और गुरु समान लोगों का सम्मान करें, होली के दिन उनके माथे पर पीले रंग के गुलाल से टीका लगा कर चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त करें. इतना ही नहीं घर में दादा दादी और नाना नानी जैसे वृद्धजनों के साथ भी होली खेलने में कोई संकोच न करें. हां सुबह उठकर स्नान करने के बाद सबसे पहले घर में रखे भगवान को भी गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त करें, यदि प्रतिदिन किसी मंदिर में दर्शन करने की परम्परा है तो वहां भी जाएं और भगवान के साथ होली खेलें लेकिन रंग का ध्यान अवश्य ही रखें.।

**मकर** - मकर राशि के लोगों को बैंगनी व पीले रंग के फूलों के साथ होली खेलना चाहिए. इस बार की होली को कुछ अलग ढंग से मना कर देखिए. गीले रंगों के स्थान पर बैंगनी और पीले रंग के फूल एक दिन पहले ही बाजार से खरीद कर ले आएं और उन्हें साफ करने के बाद एक डलिया में रख कर ऊपर से गीला कपड़ा डाल दें ताकि फूलों की ताजगी बनी रहे और वह मुरझाने न पाएं. होली वाले दिन फूलों की डलिया को मकान की छत, छज्जा या फिर बालकनी में एक स्टूल पर रख दें और खुद वहीं पर मोर्चा लगाकर बैठ जाए. अब जैसे ही आपके घर के सामने से हुरियारों की टोली निकले, आप उनके ऊपर फूलों की बारिश करेंगे तो उनके साथ आपको भी अच्छा लगेगा. नीचे के मकान में रहते हैं तो चबूतरे या टेबल पर खड़े होकर फूल बरसाएं. फूलों का बंदोबस्त न हो पाने पर गुलाल से होली खेलें.।

**कुंभ** - इस राशि वाले अपने से छोटों को अबीर गुलाल या सुगंधित तिलक लगा कर होली खेल सकते हैं, हां ऐसा करने के साथ ही छोटों को गिफ्ट देना बिल्कुल न भूलें. गिफ्ट अपनी क्षमता के अनुसार पहले से ही खरीद कर रख लेना चाहिए क्योंकि उस दिन दो दुकानें बंद रहती हैं.।

**मीन** - इस राशि वालों को आज के दिन सारे गिले शिकवे त्याग कर जलीय होली खेलने चाहिए. एक दूसरे के ऊपर जल डालकर सारी पुरानी कटुता को बहाने की जरूरत है. इसके साथ ही आपको इस दिन जिन कपड़ों में रंग खेला हो उन्हें भी दोपहर में घर आने के त्याग देना चाहिए और नहाने के बाद स्वच्छ वस्त्र ही पहनना चाहिए.।

### धर्म



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

### 8 मार्च 2023, बुधवार: होली का दिन किन राशियों के लिए लेकर आया है खुशखबरी, पढ़ें अपनी राशि

#### मेष राशि

आज का भविष्य = स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में विशेषकर स्त्रियां सावधानी रखें। कार्यों की गति धीमी रहेगी। बु?द्धि का प्रयोग करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। निराशा हावी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। लाभ होगा।

उपाय =- कोढ़ी व गूंगे-बहरे व्यक्ति की मदद करने से स्वास्थ्य अच्छा होगा।

शुभ अंक=4
शुभ रंग=लाल

#### वृषभ राशि

आज का भविष्य = वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। सभी ओर से सफलता प्राप्त होगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लाभ होगा। आशंका-कुशंका के चलते कार्य की गति धीमी रह सकती है। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ?य की चिंता रहेगी।

उपाय =- आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए गेहूँ के 11 दाने सूर्योदय के समय खाएं.

शुभ अंक=8
शुभ रंग=क्रीम

#### मिथुन राशि

आज का भविष्य = जीवनसाथी से कहासुनी हो सकती है। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। करियर बनाने के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। पारिवारिक सहयोग से कार्य में आसानी होगी। दूसरों के कार्य में दखल न दें। प्रमाद से बचें।

उपाय =- पीला हलवा बनाकर गरीबों में बाँटने से प्रेम सम्बन्ध मजबूत रहेंगे.

शुभ अंक=5
शुभ रंग=सफेद

#### कर्क राशि

आज का भविष्य = बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ के असवर हाथ आएंगे। यात्रा में सावधानी रखें। किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद न करें। बेचैनी रहेगी।

उपाय =- शुद्ध सूती कपडा और नमकीन गरीब स्त्रियों को समय-समय पर दान करने से आर्थिक स्थिति अच्छी होगी.

शुभ अंक=2
शुभ रंग=गुलाबी

#### सिंह राशि

आज का भविष्य = धन का नुकसान या कोई बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक चिंताएं रहेंगी। मेहनत अधिक तथा लाभ कम होगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। मातहतों का सहयोग नहीं मिलेगा। कुसंगति से बचें, हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी। प्रमाद न करें।

उपाय =- बड़/बरगद के पेड को मीठे दूध से सींचे, इससे नौकरी/बिज़नेस में तरक्की होगी.

शुभ अंक=9
शुभ रंग=हरा

#### कन्या राशि

आज का भविष्य = मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। समय अनुकूल है। प्रसन्नता रहेगी।

उपाय =- आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए गेहूँ के 11 दाने सूर्योदय के समय खाएं.

शुभ अंक=1
शुभ रंग=पीला

#### तुला राशि

आज का भविष्य = दूर से अच?छी खबर प्राप्त हो सकती है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने की योजना बनेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर में अतिथियों पर व्यय होगा। किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

उपाय =- कढ़ी चावल गरीबों को खिलाएं व खुद भी खाएं, इससे आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी.

शुभ अंक=3
शुभ रंग=नीला

#### वृश्चिक राशि

आज का भविष्य = प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट से कार्य में रुकावट होगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। निवेश में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। जरूरी वस्तु गुम हो सकती है।

उपाय =- कोढ़ियों को कुछ आर्थिक मदद करने या भोजन देने से लव लाइफ बढ़िया रहेगी.

शुभ अंक=6
शुभ रंग=आसमानी

#### धनु राशि

आज का भविष्य = अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। यात्रा में जल्दबाजी न करें, नुकसान संभव है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ?य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। आय में कमी रहेगी। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी।

उपाय =- गौ-दान करें, यदि संभव न हो तो गौ खरीदने के मूल्य के बराबर दान गौ आश्रम में करने से स्वास्थय अच्छा होगा.

शुभ अंक=4
शुभ रंग=केसरिया

#### मकर राशि

आज का भविष्य = विवेक का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। कोई बड़ी बाधा से सामना हो सकता है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। रुका हुआ धन मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। किसी अपने के व्यवहार से दुःख होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी का ध्यान खुद की तरफ खींच पाएंगे।

उपाय =- भैरव जी पर मदिरा चढ़ाने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी.

शुभ अंक=8
शुभ रंग=ग्रे

#### कुंभ राशि

आज का भविष्य = समाजसेवा में रुझान रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पुरानी व्याधि से परेशानी हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। समय अनुकूल है। लाभ लें। प्रमाद न करें।

उपाय =- पारिवारिक जीवन अच्छा करने के लिए घर में नीले रंग के परदे लगवाएं.

शुभ अंक=5
शुभ रंग=कत्थई

#### मीन राशि

आज का भविष्य = राजकीय अवरोध दूर होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

उपाय =- शुद्ध सूती कपडा और नमकीन गरीब स्त्रियों को समय-समय पर दान करने से आर्थिक स्थिति अच्छी होगी.

शुभ अंक=2
शुभ रंग=क्रीम

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष ।(नारी चिंतन)

# नारींयों के दमन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता

**(सशक्त कानून की आवश्यकता)**



**संजीव ठाकुर**

देश में शहरों और गांवों में नारियों पर हो रहे अत्याचारों की खबरें मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख देती है। आसपास और पास पास इतनी दिल दहला देने वाली घटनाएं प्रकाश में आती हैं की मानवता केवल आंसू बहा कर रह जाती है। क्या इतना बड़ा सशक्त पुरुषों का समाज इसे रोकने में सक्षम नहीं है। देश में यह प्रश्न यक्ष प्रश्न की तरह हम सबके सामने खड़ा है। भारत में गरीब तबके में महिलाओं की स्थिति अभी भी दयनीय है मजदूरी करने से लेकर घरों में झाड़ू पोछा बर्तन मांजने तक औरत अपनी आजीविका चलाने के लिए मजबूर है। नारी उत्पीड़न की शुरुआत यहीं से होती है ।भारत में नारी अभी भी बहुत उपेक्षित प्रताड़ित तथा उत्पीड़ित है। हजारों उत्पीड़न तथा प्रताड़ना की घटनाएं प्रकाश में ही नहीं आ पाती हैं, और हम नारी दिवस पर जोर जोर से नारी उत्थान की दलीलें देते फिरते हैं। यह अत्यंत पीड़ा दायक तथा विचारणीय है।स्त्री जागरण के परिपेक्ष में भारत में नई स्त्री की संकल्पना उभरती है। भारत की स्त्री जागरण स्थितियों में पश्चिम नारीवाद का सर्वाधिक प्रभाव दिखाई देता है, इसमें बुनियादी नारी अधिकारों के जरिए सशक्तिकरण की बात की गई है। भारत में नारी उत्थान और समानता का संकल्प एवं विमर्श मूलतः मध्यम वर्गीय, शहरी और अभिजात्य इसमें स्त्रियों के बुनियादी अधिकार शिक्षा रोजगार आर्थिक स्वतंत्रता की बात का जोर शोर से जिक्र किया गया है। गांव की स्त्रियों पर घरेलू हिंसा तथा कस्बाई स्त्रियों के शोषण की समस्याएं लगभग हाशिए पर हैं। इसके अलावा भारत की परंपरागत विशेषताएं हैं जो भारतीय जनमानस में इस तरह घुली मिली हैं कि यकायक दलित स्त्री को सबला या सर्व शक्तिमान मानना पुरुष समाज को स्वीकार्य नहीं होगा। भारतीय स्त्री पति को परमेश्वर एवं मातृत्व के दायित्व को निभाने वाली एक अबला स्त्री ही है। पिता, भाई तथा पति के संरक्षण में पलने, बढ़ने के बाद उनके अधिकारों से परे जाने में अभी भी सक्षम नहीं हुई है। जबकि यूरोपीय देशों का नारीवाद एवं नारी सशक्तिकरण एक अलग दृष्टि तथा नई दिशा को दर्शाता है। भारत की नारी अपनी ÷स्त्री÷होने के दायित्व को यकायक ठुकरा कर उसकी बेड़ियों से बाहर नहीं निकल सकती। भारतीय समाज अभी भी स्त्रियों को मान्य रुप से बराबरी का दर्जा नहीं दे पाया है। वह अभी भी स्त्री को अबला एवं विज्ञापन का एक अच्छा जरिया मानता है, स्त्रियों को आज भी पुरुष विहीन समाज किसी भी तरह ग्राह्य एवं मान्य नहीं है। भारतीय संदर्भ में नई स्त्री की कल्पना वास्तव में महिलाओं के लिए एक मिथक तथा मृग मरीचिका के रूप में है। स्त्री उत्थान विमर्श के लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक होगा की हर समाज की अपनी वैचारिक विशेषता, संस्कृति एवं सीमाएं होती हैं। नारी सशक्तिकरण की जितनी भी अवधारणाएं और नियम कानून बने हैं, वह सब पश्चिम से अनुसरण करके बनाए गए हैं, ऐसे में भारतीय दलित स्त्री की वैचारिकी क्या हो सकती है, इसकी संकल्पना भारतीय नारी ही कर सकती है। भारत की नई स्त्री वह होगी जो अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो, एवं स्वतंत्रत विचारों के अधिकार से अच्छी तरह वाकिफ एवं जानकार हो। कस्बाई तथा झोपड़पट्टी में रहने वाली स्त्रियों को जहां भारत में शिक्षा का अभाव है, ऐसे में उनके लिए जागरूकता लाना अभी भी एक टेढ़ी खीर तथा एक बड़े अभियान चलाने जैसी बात होगी। भारत में जहां 35त्न स्त्रियां साक्षर नहीं है, ऐसे में नई स्त्री की परिकल्पना केवल पश्चिमी देशों में ही की जा सकती है। भारत में स्वतंत्रता संग्राम से स्त्रियों की सहभागिता रही है, उसके उपरांत पंचायती चुनाव में महिला आरक्षण, संरक्षण,शिक्षा तथा रोजगार में बढ़ती सहभागिता नौकरी पेशा स्त्रियों का मातृत्व सुविधा कार्य के लिए समान वेतन का संघर्ष भारत में स्त्री बेचारी की मानसिकता को सशक्त करते हैं। भारत में नारी सशक्तिकरण एवं नारी समानता के उदाहरण चिकित्सा, तकनीकी, विधि विधाई, शिक्षा जगत, सेना तथा सरकारी नौकरी में दिखाई तो देते हैं, पर यह स्त्रियों की संख्या उनकी जनसंख्या के अनुपात में अत्यंत ही न्यून है। भारत में स्त्री समानता के लिए भारतीय समाज, सरकार, राजनेताओं, चिंतकों को पश्चिमी देशों का अंधानुकरण न कर भारत की भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, तथा धार्मिक पृष्ठभूमि को देखकर उसके अनुरूप स्त्रियों के विकास तथा सशक्तिकरण एवं समानता के लिए सशक्त योजनाएं बनाकर उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी है। वरना नारी सशक्तिकरण नारी समानता और नारी उत्थान की बातें कागजों तक सिमट के रह जाएंगी, और नारी अभी भी अंधेरों में, गांवों में झोपड़पट्टीयों में उत्पीड़न एवं शोषण का शिकार होती रहेंगी।

**-संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,**

# होली के त्यौहार के बीच दसवीं का हुआ पेपर

## बाहर से आने वाले बच्चों को हुई आने में दिक्कतें



**भौरासा/देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज 7 मार्च को माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा दसवीं कक्षा का सामाजिक विज्ञान का पेपर रखा गया था इसी दिन कई जगह पर होली धुलेंडी का त्यौहार मनाया गया यह त्यौहार हिंदू धर्म का बड़ा त्योहार होता है इस दिन सभी लोग होली की पूजा करने के साथ होलिका दहन पश्चात होली पर्व मनाते हैं वही उन परिवारों के बीच जाते है जहां पर पिछले दिनों कोई गमी हुई हो उन घरों पर जाकर रंग डालने के लिए नगर में गैर भी निकाली जाती है इस दिन विशेष रूप से सरकारी छुट्टी होती है परंतु आज दसवीं का पेपर इसी दिन रखे जाने पर भोरासा के आसपास से आने वाले बच्चों को पेपर देने आने में काफी दिक्कत हुई वही बच्चों ने अपनी तैयारियां पूर्ण कर रखी थी जिससे उनका पेपर तो काफी अच्छा गया परंतु उन्हें खेद था कि परीक्षा के कारण वे होली का पर्व नहीं मना सके वहीं कई बच्चों के घर पर उनके परिजनों की पहली होली होने के कारण घरों में त्यौहार था फिर भी वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए परीक्षा देने पहुंचे इससे बच्चों में कुछ निराशा भी नजर आई यहां मौजूद एक बालिका ने मीडिया से चर्चा में कहा कि होली के दिन पेपर रखने का मतलब हमें समझ नहीं आया है हमने हमारी तैयारियां तो पूर्ण की थी परंतु होली होने के कारण हमें स्कूल तक आने में काफी दिक्कत हुई है सुबह-सुबह होली की वजह से वाहन नहीं मिले क्युकी इस दिन संसाधन लगभग बंद रहते हैं वही इस पेपर को होली के बाद भी रखा जा सकता था होली हमारा एक बड़ा त्यौहार होता है जिसे हम पेपर की वजह से नहीं मना पाए उसका भी हमें दुख है ।

# दिनभर रहा होली का उल्लास, कुछ ने 7 मार्च को तो कुछ आज मनाएंगे होली, गैर निकली

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को होली का पर्व मनाया गया। कुछ जगह होली का पर्व आज भी मनाया जाएगा। बीती रात कुछ जगह होलिका दहन हुआ। कई जगह होलिका दहन मंगलवार को किया गया। पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। खासकर छोटे-छोटे बच्चे रंगों के पर्व होली को लेकर काफी उत्साहित है। शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से रंगों के पर्व होली की धूम रही। कई जगह लोगों ने एक-दूसरे पर रंगों की बौछारे डालकर रंग गुलाल उड़ाकर नृत्य भी किया।

कई जगह निकली गैर- होली के दिन सुबह कई स्थानों पर विभिन्न समाजों द्वारा गैर निकाली गई। बताया जाता है कि जिस घर में गमी हो जाती है। उस शोकाकुल परिवार में कलर डालने के लिए स्थानीय लोग गेर के रुप में निकलते है और रंग डालते है। त्योहारों के चलते पुलिस ने भी कानून व्यवस्था को लेकर पुरी तैयारी कर रखी है। होली को लेकर शहर में विभिन्न चौराहे पर पुलिस बल तैनात है। एक दिन पहले शहरभर में पुलिस ने फ्लैग मार्च भी निकाला था।



इसी प्रकार क्षिप्रा में होली पर्व होली दहन के बाद मनाया गया। क्षिप्रा गांव के वरिष्ठजनों, युवाओं ने ढोल-ढमाकों के साथ पूरे नगर में घूमे और जिस घर में गमी की होली होती है वहां पर होली का रंग डालने पहुंचे। इस अवसर पर सभी युवा वर्ग और वरिष्ठजन उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा गौ माता को दी अंतिम विदाई



**खचरौद/ मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन के तराना अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की टीम द्वारा गौ माता की आकस्मिक करंट लगने से मृत्यु होने पर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष मुरली निगम ने घटनास्थल पर पहुंचकर गौमाता को मृत अवस्था में देखकर तत्काल थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल जी को सूचना दी गई थाना प्रभारी और उनकी टीम मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया गौ माता को नगर परिषद की जेसीबी के द्वारा दफनाया गया जिसमें जिला उपाध्यक्ष मुकेश पाटीदार तहसील अध्यक्ष संतोष पाटीदार पत्रकार कल्याणसिंह तोमर राजू पहलवान बलराम बैरागी ने गौ माता को अंतिम विदाई दी ।

# डॉ. चेतना अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल मिशन कोयंबटूर द्वारा सम्मानित

**खचरौद/ मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज



अन्तर्राष्ट्रिय महिला दिवस पर इंदौर शहर की सुप्रसिद्ध मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ श्रीमती डॉ. चेतना तनुज दीक्षित का अन्तर्राष्ट्रिय मैड़िकल मिशन के द्वारा वुमेन एम्पोवर्मेंट अवार्ड 2023 से सम्मानीत किया गया यह सम्मान उन्हें अन्तर्राष्ट्रिय मेडिकल मिशन, कोयंबटूर से प्राप्त हुआ है जिसका भारत में कोयम्बटूर के आलावा श्रीलंका बांग्लादेश,मालदीव्स, मलेशिया, केन्या व दुबई में भी अंतर्राष्ट्रीय संचालन है डॉ. चेतना बताती है की महिला दिवस पर यह सम्मान प्राप्त करना उनके समाज के लिए किए जाने वाले कार्यो के प्रति प्रोत्साहित करता है,महिला दिवस के साथ आज जन्मदिन भी है इसलिए यह सम्मान ने उनके दिन को और ख़ास बना दिया संस्था के अध्यक्ष श्री जे जयहरन ने बताया हर साल, हम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी श्रेणियों की अति विशिष्ट महिलाओं को एक उत्साहजनक पुरस्कार से सम्मानित करने की पहल करते हैं। इंदौर की श्रीमती डॉ. चेतना दीक्षित यह अन्तर्राष्ट्रिय सम्मान प्राप्त करने वाली शहर की पहली महिला डेन्टल सर्जन है ।

# नगर परिषद आलोट ने निकाली गई रंगारंग गैर





**आलोट/राकेश चोहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** होली पर्व पर नगर परिषद आलोट द्वारा विक्रमगढ़ में निकाली गई रंगारंग गैर का प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजन किया जाता है वही आज सुबह 9ः00 बजे सोसाइटी चौराहा विक्रमगढ़ से रंगारंग गेर प्रारंभ हुई जो 1ः00 बजे समाप्त हुई जिसमें डीजे ढोल फायर ब्रिगेड सहित सभी ने होली पर्व में बड़ा आनंद लिया पार्षद सहित कई जनप्रतिनिधि रंगारंग इस में मौजूद रहे रंगारंग गेर बड़े उत्साह के साथ निकाली गई ।

# ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की फसलों का किया जाएगा सर्वे - कलेक्टर वानखेड़े





**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कैलाश वानखेड़े ने जिले में गत दिवस हुई ओलावृष्टि से प्रभावित गांवों का भ्रमण कर फसल नुकसानी का जायजा लिया। कलेक्टर ने गांव परसुल्याकलां, , अमरकोट, अंतरालिया, मोड़ी, जाख आदि में किसानों के खेतों पर पहुंचकर फसल नुकसानी देखी तथा नुकसानी का सर्वे करवाने हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह राणा ने किसानों के नुकसान के बारे में अवगत कराया। कलेक्टर ने राजस्व, कृषि एवं उद्यानिक विभाग के अधिकारी तथा पटवारियों को निर्देश दिए कि जिले में बारिश एवं ओलावृष्टि से जिन-जिन क्षेत्रों में रबी फसल यथा गेहूँ, चना, संतरा, सरसों में जो नुकसानी हुई है, वहां का सर्वे प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों में नुकसानी का सर्वे राजस्व पुस्तक परिपत्र के मापदण्डानुसार करें, जिससे कि उन्हें शासन निर्देशानुसार नुकसान के अनुपात में मुआवजा निर्धारित किया जा सकें। उन्होंने सर्वे कार्य में ढ़िलाई नहीं बरतने के निर्देश भी अधिकारियों को देते हुए कहा कि किसानों के खेतों पर जाकर नुकसानी का वास्तविक आंकलन शीघ्र करें।

# इंडियन महिलाओं के हाथों बनी साड़ियां फॉरेनर लेडीज़ आ रही पसन्द

## महेश्वर की महिला बुनकरों ने सोशल मीडिया से व्यापार को बढ़ाया››दिवस पर अहमदाबाद में हुआ सम्मान

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** डिजिटल मीडिया के सहारे अब आप पूरी दुनिया से जुड़कर न सिर्फ अपने विचारों और योजनाओं को फैला सकते हैं। बल्कि अपने व्यापार का भी ग्लोबल तक विस्तार कर सकते हैं। महेश्वर की दो महिलाओं ने डिजिटल या सोशल मीडिया का सहारा लेकर लोकल से ग्लोबल तक अपने हाथों से बनी साड़ियों का विस्तार किया है। दो इंडियन महिलाओं के हाथों से बनी साड़ियां विदेशी महिलाओं को खूब पसंद आ रही है। मनोरमा पंवार ने बताया कि महेश्वर के हैंडलूम की विदेशों में मांग बढ़ रही है। सोशल मीडिया पर शिकागो शहर की डायना और मस्कट की सुचिता अक्सर यहां के उत्पाद खरीदती है। सिर्फ इन दो शहरों से नहीं बल्कि कई विदेश के शहरों में महेश्वर की डिजाई पसन्द की जा रही है। महेश्वर की मनोरमा पंवार और शमशाद भी सोशल मीडिया के माध्यम से मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और यूएस तक पहुँचकर व्यापार




कर रही है। ईडीआईआई के सुरेंद्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल 22 से फरवरी 23 तक बुनकरों ने सोशल मीडिया और एक्सिबिशन के जरिये 2 करोड़ 97 लाख रुपये की महेश्वरी हैंडलूम के उत्पादों को बेचा है। महेश्वर हैंडलूम उत्पादों का प्रोडक्शन पिछले वर्षों की तुलना में 25 से 30 प्रतिशत बढ़ा है। 6 मार्च को महिला दिवस ले अवसर पर ईडीआईआई संस्थान द्वारा अहमदाबाद में वीमेन इन लीडरशिप कॉन्क्लेव में मप्र की मनोरमा पंवार और शमशाद बी खान का सम्मान किया गया है। यह सम्मान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा द्वारा किया गया। सम्मान में शॉल श्रीफल और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा भेंट की गई। कार्यक्रम में भारतीय विश्वविद्यालय संघ के गेस्ट ऑफ ऑनर श्रीमती पंकज मित्तल, अकासबीसी के सीनियर वॉइस प्रेजिडेंट रोमित सेन व अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जन औषधि दिवस मनाया



**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 5वां जन औषधि दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत ग्राम चिपिया के उपस्वास्थ्य कन्द्र चिपिया का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, आगर मालवा डॉ.एस.एस. मालवीय के द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता, जिला मिडिया अधिकारी आर.सी. ईरवार उपस्थित रहें।

5वां जन ओषधि दिवस के रूप में जिले के समस्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहरीय एवं ग्रामीण तथा समस्त उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर जनऔषधि दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एस. मालवीय, के द्वारा जिले के समस्त क्षेत्रीय अमले को निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक औषधियों की सूची चस्पा करें एवं समस्त आशा एवं एएनएम द्वारा ग्राम के सभी ग्राम एवं शहरों में हायपर टेंशन मरीजों की मेपिंग की जावें तथा सेंटरों पर आने वाले सभी मरीजों को निर्धारित निःशुल्क औषधियां उपलब्ध करवाई जाए। भ्रमण के दौरान, ग्राम मदकोटा में श्रीमती अनिता मालवीय एवं ग्राम चिपिया के सी.एच.ओं. श्रीमती मधुबाला शर्मा बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पायी गई, जिनका एक दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिए गए।

# जनसेवा मित्रों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 09 मार्च से

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कैलाश वानखेड़े के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री यूथ इंटर्नशिप प्रोग्राम अन्तर्गत जिले में चयनित 60 जनसेवा मित्रों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 09 से 11 मार्च तक कार्यालय जिला पंचायत आगर में आयोजित होगा। प्रशिक्षण कलेक्टर श्री वानखेड़े द्वारा नियुक्त विभिन्न विभागों के 13 मास्टर ट्रेनरों द्वारा अलग-अलग विषयों एवं विभागीय योजनाओं पर दिया जाएगा।

# महिलाओं ने बनाया अपना गुलाल

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं ने रंगों के पर्व के लिए अपना एक अगल गुलाल बनाया है। ये गुलाल किसी केमिकल आए नही बल्कि शुद्ध फूलों और सब्जियों का उपयोग कर बनाया। इसके लिए उन्होंने फूलों की पत्तियों, सब्जियों के रस, मक्का, स्टार्च और फ़ूड कलर के मिश्रण से गुलाल का निर्माण कर रही है। शांति स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मुख्य रूप से लाल, पीला, केसरिया और हरा गुलाल बनाने का काम कर रही है। नगर पालिका सीएमओ प्रियंका पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्टीय शहरी आजीविका मिशन की स्व सहायता समूह की महिलाओं का पहला होम मेड गुलाल का प्रयास किया है।

# फसल नुकसानी का सर्वे कर आंकलन और फिर भरपायी की जाएगी

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा कि कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश होने से फसले आड़ी और कई जगह ओले की समस्या से फसलों को नुकसान हुआ है। मंत्री श्री पटेल ने किसान भाईयों से कहा कि आपको चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। प्रदेश और केन्द्र में गांव, गरीब और किसानों की सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिला में जहां-जहां बारिश हुई और ओले गिरने से फसलों को नुकसान हुआ है। उन जिलों के कलेक्टर्स को निर्देशित कर दिया है कि तत्काल एक राजस्व विभाग टीम की बनाई जाए और बीमा कंपनियों को भी निर्देशित कर दिया है कि वीडियो ग्राफी करवाकर एक-एक गांव की और किसानों की फसल का सर्वे किया जाए। जो फसले बारिश व हवा के कारण आड़ी पड़ गई है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की भी फसलों को नुकसान पहुंचा हैं उनका सर्वे व आंकलन कर तत्काल राहत देने का कार्य किया जाएगा। साथ ही कहा कि जितने भी किसानों की फसलों को नूकसान हुआ है उसकी क्षतिपूर्ति की जाएगी।

# खाद्य विभाग ने 3 डेरियों और 6 दूध विक्रेताओं से दूध के नमूने लिए

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत लगातार दूध और दूध से बने उत्पादों के जांच करने की कार्यवाही की जा रही है। खाद्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री एचएल आवास्या ने बताया कि बडे नगरों के साथ ही छोटे-छोटे कस्बों में भी कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को नगरीय क्षेत्रों में निरीक्षण कर 3 दूध डेरियों और 6 दूध विक्रेताओं से भैंस के दूध और मिश्रित दूध के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि छोटी कसरावद मेन रोड़ स्थित माँ उमिया दूध डेरी से मिश्रित का, लोहारी मेन रोड़ स्थित सोहन दूध डेयरी से मिश्रित दूध का, महेश्वर की फेमस दूध डेयरी से दूध का नमूना लिया है। जबकि महेश्वर के दूध विक्रेता कड़वा पिता गंगाराम धनगर हांकर, सुरज पिता परसराम और जगदीश पिता नवल पटेल हांकर दूध विक्रेता से भैंस के दूध का नमूना लिया गया। इसी तरह खरगोन के बिस्टान रोड़ स्थित दूध विक्रेता निलेश पिता शांताराम गुजराती हांकर, विनोद पिता जगदीश यादव और पवन पिता धनगर हांकर से भैंस के दूध के नमूने संग्रहित किए गए हैं।

खाद्य विभाग के श्री आवास्या ने बताया कि खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित विक्रेताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम 2011 एवं विनियम 2011 के तहत वैद्यानिक कार्यवाही की जाएगी। अभियान के तहत खाद्य विभाग की खाद्य पदार्थों की जांच की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आरआर सोलंकी एवं श्री नरसिंह सोलंकी उपस्थित रहे। नमूने असुरक्षित और अवमानक पाएं जाने पर सजा और जुर्माने के प्रावधान है।


## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

### //जाहिर सूचना//

प्राधिकरण की वसंत विहार योजना के अंतर्गत आवासीय/व्यवसायिक उपयोग के भवन/भूखण्ड/दुकान क्रं. बी 30/6 श्रेणी एलआईजी को लीज होल्ड से भूस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में श्री उल्लास मोढ़े पिता श्री गोविंदराव जी श्रीमती आरती मोढ़े पति श्री उल्लास मोढ़े निवासी बी 30/6 एलआईजी वसंत विहार उज्जैन के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र दिनांक के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भूस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भूस्वामी अधिकार किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उ.वि.प्रा.उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेजों तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सत्पत्ति भूस्वामी अधिकार कर दी जावेगी। तद्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन**

# मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश की महिलाओं को दी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बधाई

## बेटियों और बहनों के कल्याण के लिये जो कर सकता था वह किया

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की सभी बहनों और बेटियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, एक दिन के लिए नहीं, हर दिन, हर घंटा बहनों और बेटियों का होना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुझे इस बात की संतुष्टि है कि बेटियों और बहनों के कल्याण के लिए जो मैं कर सकता था वो मैंने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना, बेटियों की शादी के लिए कन्या विवाह-निकाह योजना, बेटियों की पढ़ाई, संबल योजना में बेटा-बेटी के जन्म के बाद मज़दूरी करने वाली बहनों के खाते में राशि जमा कराना, महिलाओं के लिए अलग इंडस्ट्रियल पार्क बनाना, महिलाओं के नाम पर संपत्ति हो जाए, इसलिए स्टाम्प शुल्क में कमी करना सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय महिलाओं के हित में लिए गए हैं। साथ ही 50 प्रतिशत महिलाओं को स्थानीय निकाय में आरक्षण, शिक्षा में 50 प्रतिशत और पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से हमने सबसे महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश है कि बहन-बेटी और माँ के जीवन में कैसे गुणात्मक सुधार कर सकें, उनके जीवन को कैसे सुखी रख सकें इसलिए अनेक योजनाओं को धरातल पर लेकर आए हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमें बहनों की योग्यता पर पूरा विश्वास है। वह सुरक्षा जैसे काम भी पूरी



ज़िम्मेदारी और साहस के साथ कर सकती है। इसलिए आज मेरे निज स्टाफ, वाहन चालक, सुरक्षा और फोटोग्राफर के रूप में केवल बहनें दिन भर साथ रहेंगी। यह अपने आप में महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री के स्टाफ में तैनात महिला अधिकारी-कर्मचारी सुरक्षा स्टाफ में एसीपी बिट्टू शर्मा, आर.आई इरशाद अली, थाना प्रभारी शिल्पा कौरव, थाना प्रभारी निशा अहिरवार, थाना प्रभारी आकांक्षा शर्मा, थाना प्राभारी रेनू मुराब, सब इंस्पेक्टर मोना जादौन, रिचा चौहान, गोशिया सिद्दीकी, कंचन राजपूत, अर्चना तिवारी, नमिता साहू, मांगिता जैन, कंचन राजपूत जबलपुर, मन्जू अशोकनगर, प्रियंवदा, एएसआई राधा सिंह, प्रधान आरक्षक नुपुर, कविता, सुनीता, दीपशिखा, आरक्षक किरण, ज्योति और सीमा चन्द्रवाड़ा इंदौर शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आँवला गुलमोहर और अमरूद के पौधे रोपे

### बहनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी रोपे पौधे



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में आँवला, गुलमोहर और अमरूद के पौधे लगाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ सुश्री माया नरोलिया ने अपने जन्म-दिवस पर पौध-रोपण किया। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक तिवारी, सुश्री सोना तिवारी, रोहितेश तिवारी, सुश्री बबीता तिवारी, विकास नरोलिया, सुश्री रोमा नरोलिया और रेवेंद्र चौहान ने भी पौधे लगाये। सीहोर के सामाजिक कार्यकर्ता आशीष शर्मा, नीरज शर्मा और नरेंद्र पटेल ने भी

## नेशनल सेमीनार में ट्राँसको के अभियंता प्रवीण गार्गव की केस स्टडी को मिली सराहना

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** फेल्यूर ऑफ मेजर इक्यूपमेंटस ऑफ सबस्टेशन विषय पर सेंट्रल बोर्ड आफ इरिगेशन एवं पावर तथा इंटरनेशनल कांउसिल आन लार्ज इलेक्ट्रिक सिस्टम्स (इंडिया) द्वारा आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस में एमपी ट्राँसको की केस स्टडी को व्यापक स्तर पर सराहना मिली है। इस कॉन्फ्रेंस में बिजली क्षेत्र के विश्व स्तरीय 17 नामी विशेषज्ञों ने सबस्टेशनों में प्रमुख उपकरणों के खराब होने के कारणों पर स्टडी कर अपने पेपर प्रस्तुत किये थे। प्रवीण गार्गव ने एमपी ट्राँसको में बड़े उपकरणों खासकर पॉवर ट्रांसफार्मर और करेन्ट ट्रांसफार्मर फेल्यूर के कारणों को विस्तार से बताया। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने श्री गार्गव द्वारा की गयी केस स्टडी की सराहना की है। सेमीनार में उपस्थित विशेषज्ञों ने एमपी ट्राँसको द्वारा मेजर इक्युपमेंट फेल्यूर के कारणों का विश्लेषण कर उसमें कमी लाने लागू की गई तकनीक और तरीकों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। श्री गार्गव ने एमपी ट्राँसको द्वारा इक्यूपमेंट फेल्यूर को न्यूनतम रखने केन्द्रीय प्रोटेक्टशन सेल की स्थापना, उसकी कार्य-प्रणाली तथा इस सेल से मिली सफलता के बारे में भी विस्तार से बताया। श्री गार्गव के साथ केस स्टडी में देश के सर्वोच्च तकनीकी संस्थान आईआईटी मुंबई के प्रोफेसर्स भी शामिल थे।

## लोक निर्माण मंत्री श्री भार्गव का 21 हजार कन्याओं के विवाह का संकल्प होगा पूरा

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव के विधानसभा क्षेत्र रहली का सु-प्रतिष्ठित 20वाँ कन्यादान समारोह 11 मार्च को गढ़ाकोटा में होने जा रहा है, जिसमें 2100 वर-वधु दाम्पत्य बंधन में बंधेंगे। मंत्री श्री भार्गव ने कहा है कि उनका 21 हजार कन्याओं का कन्यादान करने का संकल्प भी पूर्ण होने जा रहा है। उन्होंने 22 अप्रैल 2015 में अपने पुत्र अभिषेक भार्गव एवं बड़ी पुत्री अवंतिका का विवाह भी कन्यादान कार्यक्रम में किया था। मंत्री श्री भार्गव ने कहा कि लगातार कई वर्ष से रहली विधानसभा क्षेत्र में सामूहिक विवाह समारोह कर गरीब बेटियों के घर बसाने का पुनीत कार्य अनवरत हो रहा है, जो भविष्य में जारी रहेगा।

## मौसम बिगड़ा तो कारगर साबित हुआ बिजली कंपनी का ऊर्जस एप

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में बिजली वितरण कंपनी का मोबाइल एप ऊर्जस उपभोक्ताओं के लिए बहु उद्देश्यीय साबित हो रहा है। सोमवार की शाम को जब मौसम खराब हुआ, आंधी चली, कई जिलों में ओले, पेड़ों की शाखाएं भी गिरी, इस दौरान ऊर्जस एप ने सैंकड़ों बिजली उपभोक्ताओं की मदद की। सोमवार दिनभर ऊर्जस के माध्यम से कुल 580 उपभोक्ताओं की समय पर मदद की गई। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक रिंकेश कुमार वैश्य ने बताया कि प्रबंध निदेशक अमित तोमर के आदेश पर उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए कई प्रयास किए गए है।

## जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचित हितग्राहियों तक पहुँचाया जायेगा

### राज्य मंत्री श्री पटेल ने किया जन-संवाद

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल ने कहा है कि प्रदेश में जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचित हितग्राहियों तक पहुँचा जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिये योजनाएँ बनाई हैं। राज्य मंत्री श्री पटेल सोमवार को सतना जिले के अमरपाटन में जन-संवाद कार्यक्रम में नागरिकों से बात कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री पटेल ने करीब 15 लाख रूपये की लागत से नव-निर्मित सुलभ कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण भी किया।

राज्य मंत्री श्री पटेल ने ग्राम पंचायत गोरा में मनरेगा मद से निर्मित 6 लाख 75 हजार रूपये की लागत के वर्मी कंपोस्ट भवन, ग्राम पंचायत नौगवा में 8 लाख रूपये से निर्मित आँगनवाड़ी भवन, करीब 11 लाख रूपये की लागत से निर्मित पीसीसी नाली निर्माण और नव-निर्मित सड़कों का लोकार्पण किया। राज्य मंत्री श्री पटेल ने जन-संवाद में बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 25 मार्च से आवेदन लिये जायेंगे तथा 10 जून से



महिलाओं के बैंक खाते में 1000 रूपये प्रति माह राशि पहुँचाई जाएगी। इस मौके पर स्थानीय जन-प्रतिनिधि मौजूद थे।

## दोहा छंद---- होली

*ढोल नँगाड़ा हे बजत, गावत हावँय फाग ।*
*रंगे सब्बो रंग मा, छेंड़त सुग्घर राग ।।*

*माते हें पी के सबो, भाँग नशा मा आज ।*
*झेरी कस नरियात हें, लागत नइहे लाज ।।*

*आये हे होली परब, बाँटव मया दुलार ।*
*खुशी मनावव आज गा, बैर भाव ला टार ।।*

*भर पिचकारी मा सबो, डारत हावँय रंग ।*
*गली खोर मा आज गा, करत हवँय हुड़दंग ।।*

*धरके हाथ गुलाल ला, बोथव सबके गाल ।*
*बने मनावव फाग ला, करहू झन जंजाल ।।*

*रंग मया के घोर लव, खेलव होली संग ।*
*अपन मयारू मीत ला, बने लगावव रंग ।।*

**- मुकेश उइके मयारू**

## देश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार खत्म करने पर विशेष ध्यान दिया जाये

महिलाऐं हर क्षेत्र में उन्नति कर रही है मगर पुरुषों की मानसिकता नहीं बदली हैं। पूर्वाग्रहों से ग्रस्त प्रवृति के कारण महिलाओं को दबाने, कुचलने, दोयम दर्जे का मानने, उनकी उन्नति में बाधक साबित होने की प्रवृति पुरुषों के दिमाग पर हावी होने के बाद भी महिलाऐं हर कार्य में आगे खड़ी हैं। देश, दुनियां में नाम ऊंचा कर रही है शोहरत पा रही हैं। परंतु दुख इस बात का हैं कि महिलाओं पर घर के भीतर और बाहरी अत्याचार में कमी नहीं आई, ये बढ़ते रहे हैं। आज भी हिंसा, दुराचार का शिकार मासूम से लेकर अधिक उम्र की महिलाओं के साथ होने की खबरें आती हैं। ये अपराध नारी सुरक्षा में सरकारों की घोर लापरवाही के द्योतक है। इसके बावजूद महिला दिवस मनाना प्रासंगिक नहीं यथार्थ हो गया है। सरकार को महिला सुरक्षा की ग्यारंटी देना चाहिए। महिलाओं पर अत्याचार कम क्यों नहीं हो रहे इसकी वजह है कि शासन-प्रशासन में खामी हैं, कानूनों में बचाव की गुंजाइश छोड़ दी जाती हैं। कार्रवाई करने और कराने वाले डरते हैं, अपराधियों की बड़ी पहुंच होती हैं। पैसा, रुतबा, पहुंच, जेक, जरिया होते हैं, इसलिए आम लोग जीत नहीं पाते इनसे और प्रशासन कमजोर साबित होता हैं। महिलाऐं जिस दिन निडर, स्वच्छंद घूम सकेगी वो दिन तब आयेगा, जब महिलाओं पर हो रहे अपराध, हिंसा, दुष्कर्म, अन्याय पूरी तरह से बंद हो जायेगा लेकिन इस बात की ग्यारंटी सरकार दे सकती है क्या? जवाब में शून्य बटा सन्नाटा सामने होगा। महिला दिवस प्रासंगिकता की ओर बढ़ने लगा है। देश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार व अपराध खत्म करने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

**- मदन वर्मा माणिक**

## होली

*जन्नत से मंगाली*
*एक रंग उस ही के*
*गालों में लगाने के लिऐ*
*उसने तो मुझे दिया*
*ऐसी एक रंग जिसे*
*लगाने के बाद वो कभी*
*छूटा ही नहीं,*
*लगा ली मैंने उनके माथे पे*
*उस दिन से रोज वो*
*खुद ही लगाती है*
*अपने ही हाथों से माथे पे*
*मेरे ही नाम के वो*
*रंग जिसे दुनिया जानता सिंदुर*
*के नाम से।*
*वो उस दिन से बन गयी*
*मेरे जिदेंगी के अधा हिस्सा*
*लेकिन वो भी रोज मुझे*
*दिखाती अलग अलग रंग,*
*मैं इक गलती जरुर कर दी*
*उसे रंग लगाकर*
*क्यों कि मुझे अब रोज*
*अलग अलग रंग लगाती है*
*अपने ही मुंह पे*
*कभी गुस्से से लाल*
*कभी निराश हो कर मुंह को*
*करती है काला... !*

**-जीतलाल कांड**

## उड़े प्यार के रंग

*उड़ती उड़ती हवाओं में*
*उड़े प्यार के लाल पीले*
*हरे गुलाबी नीले रंग*
*अल्हड़ गौरी ने प्यार के*
*सजन से कर लिए*
*जन्मोंजनम जीने के?*
*होली रंगों में अनुबंध ...*
*कंचन मलिन देह पर*
*पड़ते ही ये गीले रंग*
*खुशियों की बौछारों में*
*भीगे भीगे तन मन...*
*आशाओं के पंख लिए*
*उड़ती रही कल्पनाएं*
*नेह सौगातों की*
*गुलाल अबीर संग संग*
*सपनों की रंगबिरंगी*
*दुनिया हुई सजन संग...*
*आंखों ही आंखों में रंगों*
*के स्वप्न हुए सतरंगी*
*रंगों के मेले में सजने लगे*
*प्रियतम के मन मंदिर स्वप्न ...*
*होली के हर एक रंग में*
*बस तुम ही तुम समाए हो*
*कोरे कोरे मन कागज पर*
*रंगीन कूंची से प्यार के*
*ख़त रंगीले लिख रहे हो...*

**- लाल बहादुर श्रीवास्तव**

### संजीव-नी

## पत्नी की योजना

*एक दिन पत्नी का*
*अच्छा बर्ताव देखकर*
*उससे पूछा*
*एक बात बताना*
*कुछ भी मत छुपाना*
*और ना ही घबराना,*
*मुझे एक सवाल करता परेशान*
*और करता रहता है हलाकान,*
*उसने अपनी बाहें चढ़ाई*
*मुझे लगा रानी*
*लक्ष्मी बाई पूरे फॉर्म*
*पर आई,*
*अब होगा*
*अच्छा खासा संग्राम*
*और होगी बड़ी लड़ाई,*
*पर उसने बत्तीसी दिखाई*
*हंसकर हां की मुहर लगाई,*
*मैंने पूछा*
*एक बात बताओ*
*इस बात से पर्दा हटाओ*
*सात जन्मो तक*
*एक ही पति क्यों चाहती हो*
*और जन्म जन्मांतर तक*
*हक जताती हो,*
*इस बात पर वह*
*जोर-जोर से खिलखिलाई,*
*बोली किन मूर्खों की*
*दुनिया में जीते हो*
*अनाड़ीयों की तरह*
*जिंदगी जीते हो,*
*प्रिये,*
*हमारी बड़ी योजना है,*
*इस जन्म में गधे को*
*आदमी बनाया और*
*डंडे के जोर पर*
*तुम्हें जोरू का गुलाम बनाया,*
*हर जन्म में नया पति पाएंगे*
*सिखाने में एक*
*जन्म और गंवाएंगे,*
*इसीलिए एक ही पति चाहते हैं*
*सात जन्मों तक हक जताते हैं*
*जो आदमी कमाता है,*
*खाना बनाता है,*
*बर्तन मांज कर सब्जी लाता है,*
*ऐसा गधा नामक पति कौन*
*नहीं चाहता है।*
*मैं समझ गया*
*पत्नी की षड्यंत्रकारी*
*योजना जारी है*
*जो पतियों पर*
*पड़ती बहुत भारी है।*

**-संजीव ठाकुर**

## आज करें इनका गुणगान

*क्यों होती है तुलना हममें*
*क्यों करते हैं हम उपहास*
*चलो आज सारे मिलकर हम*
*करते हैं नारी सम्मान..।।*

*माँ बेटी का रूप यही हैं*
*जीवनसाथी का अभिमान*
*बंद करो अब इन्हें झुकाना*
*यही तो हैं हम सबकी मान..।।*

*महिला और पुरूष पूरक हैं*
*दोनों का अस्तित्व समान*
*इनको भी आगे बढ़ने दो*
*गर्व करे फिर हिंदुस्तान..।।*

*नारी से उत्पत्ति हमारी*
*जाने है ये दुनिया सारी*
*इनसे ही सीखा है जीना*
*ये ही हैं अपनी पहचान..।।*

*मिले नहीं अपमान इन्हें अब*
*यही तो हैं जीवन आधार*
*महिला दिवस मनाएं मिलकर*
*आज करें इनका गुणगान..।।*
*आज करें इनका गुणगान..।।*

**-विजय कनौजिया**

## प्रेम एवम सद्भावना का प्रतीक होलिकोत्सव पर्व

हमारे भारतीय हिन्दू संस्कृति में प्राचीन काल से ही अपनी रीति-रिवाज,आस्था-विश्वास,परम्पराएँ और पर्वो का विशेष स्थान रहा है।जिनका एक अपना अलग महत्व है।वैसे तो हमारे देश के अलग-अलग प्रांतों में पर्वो को मनाने की अलग-अलग परम्पराएँ और मान्यताएँ रही है।लेकिन जब हम इसके मूल में जाते हैं तो हमे पता चलता है कि उन सभी प्रांतों के जनमानस का उद्देश्य,आस्था,और विस्वास लगभग एक जैसा ही दिखाई देता है। और यही एक जैसा दिखाई देना हमारे देश की एकता,समर्पण,समभाव और भाईचारे को प्रदर्शित करता है।

हम बात कर रहे हैं प्रेम एवम एकता का प्रतीक रंगोत्सव पर्व अर्थात होली पर्व का। जो प्रत्येक प्रांतों में बहुत ही धूमधाम उत्साह,उमंग,और उल्लास के साथ मनाया जाता है।जिसकी मनमोहक छटा और सतरंगी आभा देखते ही बनती है।लोग रंगों के पर्व इस होली को बहुत धूम-धाम के साथ मनाते हैं।और होली के रंगों में सराबोर हो जाते हैं।

होली पर्व का अपना धर्मिक और सांस्कृतिक महत्व-उत्तर पूर्व भारत मे जहाँ राक्षसी पूतना का दहन किया जाता और फिर रंग- गुलाल लगाकर रंगोत्सव का पर्व मनाते हैं।

इसी प्रकार दूसरी मान्यता यह है कि दक्षिण भारत मे इसी होली के दिन भगवान शंकर ने कामदेव को अपने तीसरे नेत्रों की ज्वाला से भस्म कर दिया और उसके राख को अपने देह में लपेटकर घनघोर तांडव किया था।इस घटना से रति बहुत विलाप करती है।तब शंकर भगवान उसे जीवित कर देते हैं।तब देवता गण रँ- गुलालों की बारिश कर रंगोत्सव मनाते हैं।

**होलिका दहन बुराई के अंत का प्रतीक-** होली बुराई का दहन और अच्छाई की स्थापना का पर्व है।इस सम्बंध में यह मान्यता है कि हिरण्यकश्यप अपने पुत्र प्रह्लाद को अपनी बहन होलिका के गोद मे बिठा देता है।इधर भगवान विष्णु के आशीर्वाद से परम भक्त प्रह्लाद का बाल-बांका भी नही होता।होलिका बुराई का प्रतीक जलकर राख हो जाती है,और प्रहलाद अच्छाई का प्रतीक सुरक्षित बाहर आ जाता है।ऐसा माना जाता है की होली के इस पर्व में पुरानी से पुरानी कटुता, दुश्मनी को भुलाकर लोग रंग-गुलाल लगाकर आपस मे गले मिल जाते हैं।और पुनः मित्र बन जाते हैं।कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि जन समाज मे सद्भवना का विकास होता है।होली का पर्व सर्वधर्म ऐक्य का प्रतीक-होली पर्व को लगभग सभी धर्म सम्प्रदाय के लोग मिलजुल कर मनाते हैं।इस पर्व में सारी सीमाएं,सारे बंधन,टूट जाते हैं।जात-पात,उँच-नीच, अमीर-गरीब की दीवारें, ढह जाती हैं।सभी जनमानस होली के रंग मेंरंगकर सारी दुर्भावनाओं को भूलके एक हो जाते हैं।एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएँ देते हैं।

होली के प्राकृतिक रंग और पारम्परिकता का ह्रास होली पर्व में आधुनिकता का प्रभाव भी पड़ा है।रंगोत्सव में उपयोग किये जाने वाले टेशू,पलास के फूलों के रंग की जगह अब नए-नए कृत्रिम रंगों का उपयोग हो रहा है।जो हमारे लिए हानिकारक है।लोक-गीत फाग की जगह फिल्मी गीतों का चलन शुरू हो गया है।पारम्परिक वाद्ययंत्रों ढोल, नँगाड़े, मांदर, की जगह आधुनिक वाद्ययंत्रों का उपयोग हो रहा है।जो हमारी संस्कृति के बिल्कुल विरुद्ध है।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि प्रेम, सद्भावना एवम एकता का प्रतीक यह होली पर्व हमारी संस्कृति की प्रतिष्ठा,मानवीय संस्कारों,जीवन मूल्यों की गरिमा को बचाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है।यह पर्व ईर्ष्या द्वेष जलन और बुराई को मिटाने का संदेश देता है।जो हमारी संस्कृति लिए गर्व और सौभाग्य की बात है।



**-अशोक पटेल आशु**

### भावनानी के भाव

## मलाई बिना ऐशो आराम हराम हो रहा है

*भ्रष्टाचार रिस्की हिम्मत खिसकी हो रहा है*
*ब्रांडेड की जगह लोकल माल यूज़ हो रहा है*
*ठस्के की जगह अब मस्का काम आ रहा है*
*मलाई बिना ऐशो आराम हराम हो रहा है*
*डिजिटल युग में दिमाग काम नहीं कर रहा है*
*भ्रष्टाचार बिना सुख चैन नहीं आ रहा है*
*शासन कड़ाई से नाकाबंदी चला रहा है*
*मलाई बिना ऐशो आराम हराम हो रहा है*

*जनता के फंसाने का शक हो रहा है*
*भ्रष्टाचार खिलाफ़ प्रचार हो रहा है*
*हर सरकार में भ्रष्टाचार खिलाफ़ काम हो रहा है*
*मलाई बिना ऐशो आराम हराम हो रहा है*
*पीढ़ियों की भ्रष्टाचार नीति पर आंच आ रही है*
*दबी प्रॉपर्टी हरे गुलाबी पहाड़ की जांच हो रही है*
*परिवार और बच्चों की बदनामी हो रही है*
*मलाई बिना ऐशो आराम हराम हो रहा है*

*भ्रष्टाचार देवता रूठने का क्रम हो रहा है*
*मनाने के लिए हरे गुलाबी से उपचार हो रहा है*
*भ्रष्टाचार धंधा चौपट होने का डर सता रहा है*
*मलाई बिना ऐशो आराम हराम हो रहा है*

**- एडवोकेट किशन सनमुखतदास भावनानी**

## वर्तमान समय और नारी।

दुनियाँ के हर देश में महिलायें हमेशा से बच्चों और बुजुर्गो के साथ ही पूरे परिवार की प्राथमिक देखभाल करने वाली रही हैं। अगर हम भारत की बात करें तो अनुभव से पता चलता है कि, नारी के जितने रूप,(माँ, बहन, बेटी, चाची, भाभी, बुआ, दादी, नानी) हमारे देश में देखने को मिलते हैं वह शायद कहीं नहीं, यह सारे रिश्तें मिलकर परिवार बनाते हैं,परिवार से घर बनता है और घर समाज बनाता है, संपूर्ण समाज मिलकर देश का निर्माण करता है। कहने का तात्पर्य एक नारी के बिना सृष्टि की कल्पना व्यर्थ है, पर वर्तमान समयानुसार हर जगह महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रावधान, चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो या रोजगार! पहले से कहीं ज्यादा अवसर मिल रहे हैं। इन अवसरों का लाभ सिर्फ उन महिलाओं को मिलता है, जिनके परिवार वाले उन्हें आगे आने हेतु साथ देते हैं या यूं कहें मदद करते हैं, परंतु अब आवश्यकता इस बात की है कि नारी के साथ-साथ उस परिवार के हर रिश्तें को जागरूक होना पड़ेगा जो कि आज भी पैरों की बेड़ियाँ बन कर नारी को आगे आने का मौका नहीं देते। अंदरूनी अत्याचार, भावनात्मक पाबंदियाँ आज भी हमारे घरों में चल रही है ,कभी समाज के नाम से,कभी रिश्तों की उलाहना देकर बढ़ते कदम रोक दिए जाते हैं। एक तरफ हम नारी को शक्ति व देवी स्वरूपा मानकर उसकी पूजा करने का भाषण देते हैं, वहीं दूसरी ओर आज भी भ्रूण हत्या, लैंगिक मतभेद हर घर में देखने मिलता है। इस तरह का शोषण घर परिवार के लोगों से ही शुरू होता है समाज का शिक्षित वर्ग भी इस बीमारी से अछूता नहीं है। बेहतर होगा हम पहले अपने घर समाज देश की नींव रखने वाली नारी को भगवान या देवी ना मानकर, पहले उसे एक आम इंसान की तरह समझना शुरू करें, उसकी कोमल भावनाओं का सम्मान करते हुए उसके हर कदम पर उसके साथ खड़े रहे! महानता की बड़ी-बड़ी बातें समाज में उदाहरणार्थ देने से पहले हमें अपने घर से जुड़ी, एवं आसपास की सभी नारियों को समानता का अधिकार देते हुए, उनकी सूझ-बूझ और समझ पर भरोसा रखना होगा, तभी एक सशक्त एवं सुदृढ़ भारत की नींव रखी जा सकती है।

**-रत्ना मजूमदार**

# सोनी सब के 'वागले की दुनिया' की परिवा प्रणति ने कहा - वुमंस डे महिलाओं की भावनाओं पर चर्चा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है

**जीएनएस।** सोनी सब के 'वागले की दुनिया' की परिवा प्रणतिक ने वूमंस डे के महिलाओं की भावनाओं पर चर्चा करने के लिये एक महत्वकपूर्ण अवसर होने के बारे में की बात

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, यह महत्वापूर्ण है कि हम रुकें और एक समाज के रूप में हमने जो प्रगति की है उसका आकलन करें, जबकि यह स्वीकार करें कि अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। यह अवसर हमारे लिए महिलाओं के साहस और दृढ़ संकल्प को पहचानने, समाज में उनके योगदान को स्वीकार करने और वे अपने दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों से कैसे निपटती हैं, उसको पहचानने का अवसर प्रस्तुत करता है। सोनी सब समाज को आकार देने में महिलाओं की आवाज के महत्व को समझता है। चैनल ऐसे कंटेंट लाता है जो महिलाओं के प्रयासों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालता है, और सामाजिक बदलाव लाने के लिए उन्हेंट प्रेरित करता है।

वागले की दुनिया इस प्रयास का एक बेजोड़ उदाहरण है, एक मध्यवर्गीय परिवार के संघर्षों की पड़ताल करने वाला पारिवारिक नाटक। यह दैनिक सामाजिक मुद्दों को दिखाता है जिनका सामना परिवार करते हैं, व्यावहारिक समाधान पेश करते हैं जो आज की बदलती दुनिया को समझने और लागू करने में आसान हैं।

वंदना (परिवा प्रणति) शो के सबसे भरोसेमंद किरदारों में से एक है, जो आधुनिक समय की मां का प्रतिनिधित्व करती है। उनके किरदार का परिवार में समान नजरिया है और सामाजिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा कर सकते हैं। संवाद और विचार-विमर्श के माध्यम से, वह अपने परिवार के आस-पास ही रहती है। शो में, वंदना को अक्सर सामाजिक रूप से प्रासंगिक विषयों पर अपने विचार साझा करते हुए देखा जाता है, जैसे कि बच्चों को 'गुड एंड बैड टच', छेड़छाड़, मासिक धर्म और बदलाव लाने की महिलाओं की आकांक्षाओं के बारे में जानकारी देना।

शो में वंदना के किरदार को जीवंत करने वाली परिवा प्रणति ने अपने विचार साझा किए कि कैसे महिला दिवस महिलाओं की भूमिका और योगदान और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करने का एक अवसर है।



वह कहती हैं, ÷महिला दिवस केवल एक दिन नहीं है। महिला दिवस, आज का दिन और समय इस बात पर चर्चा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि महिलाएं क्या महसूस करती हैं और क्या करती हैं। यह तेजी से बदलती दुनिया में एक महिला होने का क्या मतलब है, इसकी सराहना करने और अन्य महिलाओं का समर्थन करने और उन्हें प्रोत्साहित करने का दिन है क्योंकि वे अपने अनूठे संघर्षों से निपटती हैं। एक कलाकार के रूप में, मुझे खुशी है कि मैं वंदना का किरदार निभा सकती हूं, जो आधुनिक समय की महिला का सच्चा प्रतिनिधित्व करती है। सखी और वंदना की माँ-बेटी की जोड़ी मजबूत महिला नेतृत्व का उदाहरण है जो अपने मन की बात कहने से नहीं डरती हैं, जिसमें वो विश्वा-स करती हैं उसके लिए खड़ी होती हैं, और अपने परिवार को उनके दृष्टिकोण को समझने में मदद करती हैं। मैं एक ऐसे शो का हिस्सा बनकर खुश हूं जो समाज में सकारात्मक प्रभाव डाल रहा है और महिलाओं को अपने सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस महिला दिवस, आइए हम वंदना जैसी लाखों महिलाओं का जश्नल मनाएं जो एक अधिक न्यायसंगत समाज बनाने का प्रयास करती हैं जहां महिलाएं अपनी राय रख सकती हैं और जहां उनकी बात को सुना जा सके। देखते रहिये 'वागले की दुनिया-नई पीढ़ी नए किस्से' प्रत्येक सोमवार से शनिवार ,रात 9:00 बजे केवल सोनी सब पर।

# अदाणी ने शेयर-समर्थित वित्तपोषण के लिए 7, 374 करोड़ रुपये का प्रीपे किया

**अहमदाबाद/जीएनएस।** अदाणी लिस्टेड कंपनी के शेयरों द्वारा समर्थित संपूर्ण प्रमोटर लीवरेज को कम करने के लिए, प्रमोटरों की प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि अप्रैल 2025 में इसकी लेटेस्ट मैच्योरिटी से पहले हमारे पास 7,374 करोड़ रुपये (902 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का प्रीपेड शेयर-समर्थित वित्तपोषण है।

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बैंकों और भारतीय वित्तीय संस्थानों को उक्त 7,374 करोड़ रुपये के पुनर्भुगतान के साथ, अदाणी लिस्टेड कंपनी के निम्नलिखित शेयर जारी किए जाएंगे -

- अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड- 155 मिलियन शेयर, जो प्रमोटर्स की 11.8% हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करता है
- अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड- 31 मिलियन शेयर, जो प्रमोटर्स की 4.0% हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करता है
- अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड- 36 मिलियन शेयर, जो प्रमोटर्स की 4.5% हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करता है
- अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड- 11 मिलियन शेयर, जो प्रमोटर्स की 1.2त्न हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करता है।

फरवरी के महीने में पहले किए गए पुनर्भुगतान के साथ, अदाणी ने 2,016 मिलियन डॉलर के शेयर-समर्थित वित्तपोषण का प्रीपेड किया है, जो 31 मार्च 2023 से पहले सभी शेयर-समर्थित वित्तपोषण को प्रीपे करने की प्रमोटर्स की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## कुण्डलिया छंद

राधा मोहन से कहे,रंग न डालो श्याम।
चटक रंग ब्रज में मुझे,कर देंगे बदनाम।।
कर देंगे बदनाम,सखी मुझसे पूछेगी।
कहाँ हुआ ये हाल,पोल सखियाँ खोलेगी।।
ले होली के रंग,निशाना तुमने साधा।
पिचकारी ये छोड़ ,रंग दी प्यारी राधा।।
अंग अंग भींगे सभी,चटक रंग के संग।
सांवरिया के संग में,खेलें मिलकर रंग।।
खेलें मिलकर रंग,ढोल डफली बाजे।
हाथों में ले चंग,खड़े सबके दरवाजे।
कह कविवर राजेश,पी लो अब जमकर भंग।
खेल अबीर गुलाल,महक उठे हैं अंग।।
होली लाती एकता,मन में भरे उमंग।
सदा साथ ही खेलते,गोप गोपियां संग।।
गोप गोपियां संग,साथ रहते बनवारी।
सुनते प्रभू पुकार,सदा करते रखवारी।।
कह कविवर राजेश,बनाएं घर घर टोली।
आओ खेलें सखा, प्रेमरंग संग होली।।
पिचकारी के रंग से,हुई धरा भी लाल।
घर घर होली खेलते,करते खूब धमाल।।
करते खूब धमाल,और रसिया भी गाते।
होता रोज कमाल,भंग मिलकर पी जाते।।
कह कविवर राजेश,बात ये सबसे प्यारी।
बरसाना में खेल,चला गौरी पिचकारी।।

**-राजेश कुमार शर्मा पुरोहित**

## गजल

हर शख्स अपना दिली फर्ज निभा दे।
की मिलजुल के रंगों से धरती सजा दे।।

सुंदर होगा प्रेम व्यवहार सारा।
दिल से आप हम बैर भाव मिटा दे।।

सुख कहा लिखा है सबके नसीब में।
बेबस की कर मदद मजबूत बना दे।।

रोए न तड़पे कोई भी अभाव में।
हे तु समर्थ तो रोए को हसा दे।।

जीवन में यूं तो बहुत गम है मगर।
तूं चाहे तो उन्हे पल में उड़ा दे।।

ये जमी हमको जान से है प्यारी।
वक्त आए तो अपनी जां लूटा दे।।

नही है खोफ हमको किसिका यारो।
जब चाहे दुश्मन को हम सजा दे।।

जिसे रहना है यहां रहे प्रेम से।
मनहर सबको ये पैगाम सुना दे।।

**-मनोहर सिंह चौहान मधुकर**



## होली है भई होली है

बंदर मामा होली के दिन
गये हाथी दादा से खेलने
रंगबिरंगी प्यारी होली,
लिए गुलाल हाथ में
पड़ गये थोड़ा सोच में
कैसे दादा तुम्हे लगाऊं
मैं होली की गुलाल
नन्हा सा मैं कद में?
हाथी दादा बोल पड़े
अरे छोटू मत हो तू उदास
जहां तक जाए हाथ तुम्हारा
वहीं पर लगा दो तुम गुलाल
बंदर मामा सुनकर यह बात
खुशियां से भर गये
खुशी खुशी जैसे ही
लगाई रंग गुलाल
हाथी दादा ने सूंड भरीअपनी
पिचकारी से बंदर मामा पर
रंग डालकर कर दिया
गुलाबी रंग से सराबोर
दोनों बोले एक स्वर में
होली है भई होली है
बुरा न मानो होली है।

**-लाल बहादुर श्रीवास्तव**

## नारी तो मातृ शक्ति है

है नारी शक्ति , है मार्ता शक्ति
तुम ही हो इस ब्रम्हाण्ड की महाशक्ति ।
करते तुम्हे प्रणाम और वंदन
ह्र्दय तल से आपका अभिनंदन ।
तुम ही हो सुखकर्ता , तुम ही हो दुःखहर्ता
तुम ही हो इस जगत की पालनकर्ता ।
तुम ही हो दुर्गा ,तुम ही हो महाकाली
तुमने ही इस दुनिया से बुराई मिटा डाली ।
तुम ही हो पालनहार,तुम ही हो जीवन की नैया
सारे समाज की एकमात्र तुम ही हो खिवैया ।
तुम ही हो सती सावित्री,तुम ही हो सीता मैया
इस संसार में माँ के रूप में कितना सुंदर है रवैया ।
तुम ही हो गंगा , जमुना सी तहज़ीब
हर वक्त सुख दुःख में रहती हो करीब ।
तुम ही हो लक्ष्मी, तुम ही हो सरस्वती
नही कोई तुमसा दूजा,
इसलिये सभी लोग अन्तर्मन से करते है पूजा ।
तुम्हारे अच्छे कार्यो से मिलती है सबको प्रेरणा
क्योकि तुम में ही तो है दया के सागर जैसी करुणा ।
जब जब इस जगत पर पड़ा दुःखो का साया
सब दुःख हर लेती बन जगत की छाया ।
जितना करो नारी जाती का मान सम्मान
कम ही है क्योकि ऋणी है इनका सारा जहान ।
है भारत देश की धरा तुमसे ही महान
इसलिये करते है सभी तुम्हारा सम्मान ।
आप सभी मातृ शक्ति को शत शत प्रणाम
शत शत प्रणाम,शत शत प्रणाम ।।

**-डॉ.संजय कुमार मालवी (आदर्श)**

## एक शिक्षा संस्कृति।

शिक्षा है एक खूबसूरत ज्ञान ,
नवीन जोश देती है खूब शान।
ऊंच नीच में भेद मिटाएं,
शिक्षा संस्कृति में अब सबकुछ,
देश में एक समान हो जाए।
प्रगति और विकास की तब होगी बातें,
दिखेंगी तब सबमें खूब उत्साह।
एकरूपता जब होंगी शिक्षा में,
मन में होंगी अद्भुत उछाह।
ग़रीब अमीर धरती पर सब रहते हैं,
सबमें दिखता नहीं एक रूप समान।
अमीर शखिसियत बनकर हरपल,
अपने घर -आंगन में दिखलाते हैं,
रसूकदार बन कर खूब अभिमान।
शिक्षा है प्रगति की उत्तम सीढ़ी,
सबमें दिखें सबचीज एक समान।
नहीं रहें बंदिशें यहां कोई,
सब पाएं शिक्षा एक समान।
आओ हम-सब मिलकर यहां,
एक शिक्षा अर्जित करने की,
एक खूबसूरत संस्कृति बनाएं।
सब मिलजुलकर इस पराक्रम से,
दुनिया में खूब उधम मचाएं।

**-डॉ. अशोक,पटना, बिहार।**



## ग़ज़ल

सो जाता तो भी सपना था।
खो जाता तो भी सपना था।।
अच्छा है उसका न हुआ मैं,
हो जाता तो भी सपना था।।
पहले तो जाना ही मुश्किल ,
जो जाता तो भी सपना था।।
साया बनकर आया था जो
वो जाता तो भी सपना था।।
सपना सच्चा कब होता है ,
हो जाता तो भी सपना था।।
देखा था सपना हँस लेते,
रो जाता तो भी सपना था।।
चाहत थी तेरा होने की ,
हो जाता तो भी सपना था।।
दाग़ों से मैली चादर को,
धो जाता तो भी सपना था।।
बीज नहीं बो सका प्यार के ,
बो जाता तो भी सपना था।।
जितना ढूँढ़ा उतना उसमें,
खो जाता तो भी सपना था।।
बोझ जिसे मैं ढो न सका यूँ,
ढो जाता तो भी सपना था।।

**गिरेन्द्रसिंह भदौरिया प्राण**



## महिला दिवस लेख-महिलाएं पुरुषों से कम नहीं-

महिला शब्द में ही महानता, ममता, मृदुलता, मातृत्व और मानवता की कल्याणकारी प्रवृत्तियों का समावेश है । जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएँ अपनी श्रेष्ठता-विशिष्टता पुरूषों से बढ़-चढ़कर सिद्ध कर रही है। इसके बावजूद भी आज देश-विदेश में महिला उत्पीड़न का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। महिलाओं की सहनशीलता और संकोच को कमजोरी समझा जा रहा है, जबकि महिलाएँ पुरुषों से किसी तरह कमजोर नहीं है। जैसे-जैसे महिला जागृति बढ़ी मानवाधिकार की आवाज बुलंद हुई, संयुक्त राष्ट्र संघ, लोकसभा, विधानसभा और पंचायतों में महिलाओं को आंशिक प्राथमिकता दिए जाने के अनुसार हर क्षेत्र में पूर्ण आरक्षण दिए जाने में पुरूषों की आना-कानी, हीले-हवाले व बहानेबाजी रोड़ा बनी हुई है। महिला सशक्तिकरण, कार्पोरेट क्षेत्र में महिलाओं द्वारा स्थापित कीर्तिमान यह सिद्ध करता है कि महिलाओं के बढ़ते बदलाव के कदम अब रोके नही जा सकते हैं। महिलाओं द्वारा ही देश को भ्रष्टाचारमुक्त किया जा सकता है । देश को ईमानदार और खुशहाल बनाने के लिए महिलाओं के हाथ में देश के अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व सौपा जाना समय की बुलंद आवाज है।



**- जयश्री वर्मा (सेनि.शिक्षिका)**

## ग़ज़ल

हर बार मिलते है कॉटे पत्थर मुझे
क्या नसीब में है यही मयस्सर मुझे

सवालों में इस तरह खो गये हो यहॉ
मिला ना है उसका अब तक उत्तर मुझे

मित्रों ने डुबा दिया मझधार में जाकर
मगर बच गया मिला ऐसा मुकद्दर मुझे

एक दिन कर दूंगा उनका खतम सब काम
जो सताता रहता है वो अक्सर मुझे

राष्ट्रीय एकता के गीत गाऊंगा मैं
विरोध में मिले कितने ही पत्थर मुझे

जब से हुआ है लिफ़ाफ़ों का आना बंद
तब से काटने लगा है ये दफ्तर मुझे

जिसे भी भेजा चुनकर राजधानी में
अब देता है हर बार वो चक्कर मुझे

'रमेश' तो रखता है सबका ही ख्याल
फिर भी मारते है अक्सर ठोकर मुझे

**-रमेश मनोहरा**

## अकेली माँ

इस कहानी में एक बहुत ही प्यारी लड़की हैं । जिसका नाम संध्या है। वह बहुत सुदंर, तेज और मेहनती हैं। उसके माता -पिता नहीं थे ,इसीलिए उसके भाईयों ने संध्या का शादी मुजफ्फरपुर में कर दिया। सभी लड़की के तरह उसके मन में बहुत सपने थे मगर उसके पति वैसे नहीं निकलने जैसा संध्या चाहती थी। उसकी शादी ऐसे घर में हुई जहाँ सिर्फ मार -पीट होता, शराब पीते, गाली देते। यह सब देखकर वह बहुत रोती। ऐसे करते करते संध्या को तीन बच्चे हुए, अब उसके ससुराल वाले और मायके वाले चाहते थे कि तीन बच्चे ठीक है। मगर संध्या के पति गाली देते हुए कहते हैं कि ÷ कोई मुझे खिलाता हैं, जो समझा रहा हैं।इसलिए संध्या ने पाँच बच्चों को जन्म कर दिया। सभी बच्चे इधर धीरे -धीरे बड़े हो रहे थे और वहाँ संध्या के पति का बदतमीज बढ़ते जा रहा था। हर रोज मार -पीट करना, घर के सभी सामानों को फेक देना, घर में झगड़ा करना और गाली भी दिया करते थे। यह सब देखकर संध्या और उसके बच्चे बहुत रोते और डर भी लगें। अब संध्या के पति ने घर का गैस,खाने का सामान सब देना बंद कर दिया और साथ ही साथ बिजली भी कट दिया। सिर्फ रहने के लिए एक कमरा दिया। संध्या रोती रोती काम खोजने निकली बहुत घूमने पर एक दरजी का दुकान देखा। वह वहाँ गई और काम मांगी। वहाँ उसे 3 रूपया का काम मिला। एक सूट में हेम करने का सिर्फ 3 रूपया मिलता तो वह हर रोज धूप में जाती सूट अपने घर लाती, फिर हेम करती तब फिर दुकान में देती थी। एक दिन दरजी ने 63 सूट में काम करवा लिया और पैसा नहीं दिया। अब संध्या बहुत परेशान क्योंकि अभी वह सूट के हेम से ही घर चला रही थी और वह पैसे नहीं दे रहा था। तभी उसके बच्चे आए और झगड़ा करके पैसे ले लिए। मगर काम छुट गया। एक दिन संध्या और उसके सभी बच्चे रो रहे थे भूख के कारण। मगर कोई किसी को कुछ नहीं बोलता क्योंकि सबको पता की सुट का काम छुट गया है और पापा खाना नहीं देगे। संध्या ने हार नहीं मानी वह फिर रोड पे निकली और काम खोजी। इस बार उसे साड़ी मे फौल लगाने का काम मिला जिसमे एक साड़ी का 6 रूपया मिलता था। संध्या के बेटी थी वह बहुत सुदंर थी वो हर रोज झोला ले कर निकली और झोला भर कर घर में लाती। माँ, बेटी मिलकर दिनभर में 50 साड़ी लगाते। संध्या के सभी बच्चे कमजोर हो गए, देखने में बहुत सुदंर थे अब वो भी काले हो गए। ऐसे करते करते संध्या का जीवन कटने लगा बहुत दर्द के साथ। बगल में शादी था और संध्या के बच्चे खाने के लिए तरसते थे, शादी देखकर वो रह नहीं पाए। सभी बच्चों ने जिह्द करके शादी में गए वहाँ किसी ने खाने में विष मिला दिया था जिसके कारण शादी में आए सभी लोग मर गए जिसमें संध्या के 5 बच्चें थे। अब संध्या अकेली हो गई।इस दुनिया में उसका कोई नहीं रहा। इसलिए सभी उसे 'अकेली माँ ' कहते हैं।

**-मुस्कान**

## होली

फाल्गुन के महीने में,
होली का त्यौहार मनाते हैं!
हम सब मिल जुलकर,
एक दूजे को रंग लगाते हैं!
सबको गले लगाकर,
खुशी के गीत गाते हैं!
रूठे हुए को मनाकर,
प्रेम के रंग लगाते हैं!
बुराइयों को छोड़कर,
अच्छाइयों को अपनाते हैं!
दूरियां दिलों को मिटाते हैं,
भाईचारे के गुल खिलाते हैं!
होली का त्यौहार अनोखा हैं,
होली के दिन मन खिलते हैं!
सबके साथ होली खेलते हैं,
बड़ो से स्नेह प्यार पाते हैं!
होली रंगों का त्यौहार हैं,
खुशियों का बौछार हैं!
फाल्गुन के महीने में,
होली का त्यौहार मनाते हैं!



**-कृष्णा चौहान**

## दूजा रंग ना भाये

जब से चढ़ा रंग तेरा दूजा रंग ना भाये
मेरे इस मन मे जाने कितने होली आये
रंग चढ़ा जो अब उम्र भर नहीं छूटेगा
रिश्ता तेरा मेरा तो जन्नत मे ही टूटेगा
क्या कहुँ? कैसे कहुँ मेरा क्या हाल हैं ?
होली के पहले ही मन मे मचा बवाल हैं
तेरा मिलना भी तो एक सवाल होता है
हर पल दिल मे तेरा ही ख्याल होता है
रंगों के जैसे हम आपस मे मिल जाये
एक दिन की विदाई जीवन मे ना आये
आज होली मे मिलकर ये वादा कर ले
कभी ना हो दूर,ये पक्का इरादा कर ले
रंगों की फुलवारी से एक रंग चुराया है
कलियों की गलियों से ये कली पाया है
इसी कली पर तो अपना दिल आया है
लाखों मन्नत के बाद आपको पाया है

**-प्रमेशदीप मानिकपुरी**

## कविता- होली हुड़दंग

पीला, लाल, हरा, गुलाल, लेकर आना हमजोली।
रंगों का बौछार और हंसी-खुशी से आयी है होली।।
निर्मल रंग की साड़ी पहन के निकालना आंगन में।
पकड़ हाथों में पिचकारी राह देखूंगा खुली लेन में।।
स्वागत करेंगे तुम्हारी इंद्रधनुषी आकाशीय सतरंग।
झूमेंगे, नाचेंगे, मस्ती में चूर हम दोनों पियेंगे भांग।।
राधा-कृष्ण की मधुर प्रेमकथा फाग गीत गाऊंगा।
थिरक उठेगी प्रकृति ऐसा ढोल-नगाड़ा बजाऊंगा।।
मत काटना तुम हरे वृक्षों को करने होलिका दहन।
खोकर अपनी प्राणवायु सभ्य से असभ्य हो मगन।।
मोक्षाग्नि में जला दो अपने अंदर की सारी बुराईयां।
नैतिकता, व्यवहार, जीवन चरित्र न बदले यारियां।।
मनाओ? वसंतोत्सव एकता व भाईचारे का संदेश हो।
सामाजिक, संस्कृति और मुस्कान का समावेश हो।।

**-अशोक कुमार यादव मुंगेली, छत्तीसगढ़**

# वसुंधरा में गहराई और जटिलता है और उसके यही गुण उसे टेलीविजन के दूसरे किरदारों से अलग बनाते हैं"-यह कहना है सोनी सब के 'पुष्पाल इम्पॉटसिबल' में वसुंधरा रायधन का किरदार निभा रहीं दीपाली पंसारे का

**जीएनएस।** सोनी सब के 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में एक महिला के अपने जीवन में खुद के लिए अत्यधिक सम्मान और गरिमा पाने के अपारंपरिक सफर को दिखाया गया है। इस शो में पुष्पा पटेल (करुणा पांडे द्वारा अभिनीत) की कहानी दिखाई गई है, जो एक सिंगल मदर है और अपने बच्चों को सबसे बेहतर जिंदगी प्रदान करने के लिए दृढ़-संकल्पित है।इस शो के कलाकारों में हाल ही में दीपाली पंसारे शामिल हुई हैं, जोकि पुष्पार के दुश्मान धरम रायधन (जयेश मोरे) की पत्नीॉ का किरदार निभा रही हैं।

**1. जब आपने पहली बार अपने किरदार के बारे में सुना था, तो आपकी शुरूआती प्रतिक्रिया क्याक थी?**

वसुंधरा एक दमदार किरदार है, जिसमें गहराई एवं जटिलता है, जो उसे टेलीविजन के दूसरे किरदारों से अलग बनाती है। मैं इस चुनौती को लेने के लिये उत्सांहित थी और एक ऐसे किरदार को निभाने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी, जो मेरे कंफर्ट जोन से बाहर था और मेरी अभिनय क्षमता के एक नये आयाम को सामने लेकर आ रहा था। वसुंधरा का किरदार मेरे द्वारा पहले निभाई गई भूमिकाओं से बिल्कुरल अलग था। मुझे लगा कि यह रोल मुझे प्रेरित करेगा और एक परफॉर्मर के रूप में विकसित होने में मेरी मदद करेगा।

**2. इस रोल को स्वीपकार करने की प्रेरणा आपको कहां से मिली?**

धरम रायधन की पत्नी के रूप में मेरे किरदार वसुंधरा रायधन की एक महत्वमपूर्ण भूमिका है। यह एक जटिल किरदार है और मैं इसकी अलग-अलग परतों एवं बारीकियों को एक्सवप्लोएर कर रही हूं। यह एक बदलती भूमिका है और मैं अपना बेस्टइ देने और परदे पर इस किरदार को साकार करने के लिये तैयार हूं। 'पुष्पाग इम्पॉ।सिबल' जैसे एक प्रेरणादायक शो का हिस्सार बनना इस रोल को लेने के लिये एक प्रेरणादायक कारक था। शो ने अपने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है और दर्शक इस शो की कहानी पर जो प्रतिक्रिया दे रहे हैं, वह सराहनीय है।

**3. पुष्पाई जैसे किरदार के बारे में आपकी क्यो राय है?**

पुष्पा एक किरदार के रूप में जुड़ाव महसूस कराने लायक और एक महिला का बिल्कु ल सटीक प्रदर्शन है। वह अपनी गरिमा को बनाये रखती है, दृढ़ संकल्पित और आत्मऔनिर्भर है। वह अपनी जिंदगी में किन समस्या ओं का सामना कर रही है, इससे इतर वह अपने परिवार की हर हाल में सुरक्षा करती है। समाधानों पर केंद्रित उसका नजरिया उसे एक मजबूत किरदार बनाता है और दर्शकों को उससे फौरन जुड़ाव बनाने में मदद करता है। आपको टेलीविजन पर हरदम इस तरह के जीवंत किरदार देखने का मौका नहीं मिलता है।



**4. आपका किरदार कहानी में ढेर सारे ट्विस्टा लेकर आयेगा, यह जानकर आपको कैसा लग रहा है?**

बतौर ऐक्ट र, मैं हमेशा ही ऐसे किरदारों को निभाने के लिये उत्सुक रहती हूं, जो कहानी में एक नया नजरिया लेकर आते हैं और 'पुष्पाा इम्पॉसिबल' में वसुंधरा का किरदार ऐसा ही है। वसुंधरा एक झटके की तरह है, जो पुष्पाय जिंदगी में तूफान मचा रही है। हालांकि, कनाडा से वसुंधरा के आने के साथ, कई सीक्रेट्स खुल गये हैं और पुष्पा की जिंदगी कई अकल्पननीय बदलावों से गुजर रही है।

शो में वसुंधरा की एंट्री के साथ, रिश्तों की परीक्षा हो रही है। धरम रायधन (पुष्पाग का पति) वसुंधरा और पुष्पाय के बीच के सब रिश्तेज प्रभावित हुये हैं। ये किरदार बेहद उतार-चढ़ाव से गुजरेंगे और यह देखना दिलचस्प होगा कि इन बदलावों पर हर किरदार की प्रतिक्रिया कैसी होगी।

**5. इस रोल की शूटिंग शुरू करने से पहले क्या आपने कोई बैकग्राउंड रिसर्च या प्रैक्टिस की थी?**

मैंने अपने किरदार वसुंधरा और उसकी व्येक्तिगत खूबियों पर कुछ बैकग्राउंड रिसर्च किया। मैंने प्रेरणा के उसके स्रोत, रिलेशनशिप्सक, विचारों और इमोशन्सत को समझने की कोशिश की। इससे मुझे एक विश्वाास करने योग्यस और अपने जैसा लगने वाले किरदार को बनाने में मदद मिली।

वर्कशॉप्स और तरह-तरह के सेशन्सद के अलावा, मैंने अपने डायलॉग्सक और बॉडी लैंग्वेयज को लेकर भी प्रैक्टिस की, ताकि अपने किरदार को बखूबी निभाऊं। मैंने देखा कि मुझसे अधिक उम्र की महिलायें खुद को कैसे कैरी करती हैं और अपने परफॉर्मेंस में उन क?वालिटीज को शामिल करने की कोशिश की।

मैंने डायरेक्टसर और क्रिएटिव टीम से सीन्सल और किरदारों के दायरे के बारे में काफी चर्चा भी की। इससे मुझे अपने किरदार के सफर के बारे में बेहतर तरीके से समझने में मदद मिली। मेरा मानना है कि किरदार की तैयारी, अभ्या स और उसे समझना एक प्रभावशाली परफॉर्मेंस देने के लिये महत्व पूर्ण है। मेरा मानना है कि इससे मुझे बेस्टु शॉट देने और शो को और ज्यासदा प्रभावशाली बनाने में मदद मिली है।

**6. इस शो का हिस्साा बनकर कैसा लग रहा है?**

इस शो के कलाकारों में शामिल होना एक बेहतरीन अनुभव है। सेट पर हर कोई बहुत प्रतिभाशाली एवं प्रेरणादायक है। शो के सभी कलाकार एवं तकनीशियन बेहद सपोर्टिव हैं और शो पर शूटिंग के दौरान मैंने कई नये दोस्ती बनाये हैं।

मुझे हर दिन सेट पर जाने का बेसब्री से इंतजार रहता है। कलाकारों एवं तकनीशियनों की एनर्जी एवं उत्साएह शूटिंग के अनुभव को मजेदार बनाता है और एक सकारात्माक एवं बेहतर माहौल का निर्माण करता है। यह वाकई में मेरे लिये बहुत मायने रखता है और मैं खुद को खुशकिस्मेहत मानती हूं कि मेरे आस-पास इतने मेहनती लोग हैं। सेट पर हर किसी का एक मजबूत वर्क एथिक है और इसे शो की गुणवत्ता में स्परष्ट- रूप से देखा जा सकता है।

**हमारे साथ बने रहिये और पुष्पाो की जिंदगी की और चुनौतियों के बारे में जानने के लिये देखिये 'पुष्पाद इम्पॉ सिबल', हर सोमवार से शनिवार, रात 9:30 बजे सिर्फ सोनी सब पर ।**

# सरकार ने देश में करोड़ों आवासहीन व्यक्तियों को पक्के आवास बनाकर उपलब्ध कराये

**देश एवं प्रदेश में चहुंमुखी विकास दिखाई दे रहे -राज्यपाल श्री गेहलोत »»उज्जैन शहर को विकसित करने के साथ-साथ एक सुन्दर शहर बनाया जायेगा-उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.यादव»»म.प्र.गृह निर्माण मण्डल आवास विकसित करने में कोई कोर-कसर नहीं रखेगा-चेयरमेन श्री तिवारी »»लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत से शासकीय सेवकों के लिये आवास भवनों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ**





**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कर्नाटक प्रान्त के राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोत के मुख्य आतिथ्य में फ्रीगंज स्थित राजस्व कॉलोनी में 196 शासकीय आवासीय भवनों के निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में करोड़ों आवासहीन व्यक्तियों को पक्के मकान बनाकर उपलब्ध करवाये जायें। मप्र हाउसिंग बोर्ड सकारात्मक दृष्टिकोण से आवासों एवं अन्य निर्माण कार्य करता चला आ रहा है। देश में प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत गरीबों को पक्के मकान बनाकर उपलब्ध करवाये जा रहे हैं और यह कार्य देश में निरन्तर जारी है। कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान में न रहे, यह सरकार की मंशा है। हाउसिंग बोर्ड के द्वारा उज्जैन के फ्रीगंज में राजस्व कॉलोनी में जर्जर हो चुके शासकीय आवासों को गिराकर उनके स्थान पर नवनिर्माण किया जा रहा है। यह कार्य बधाई योग्य है। देश के साथ-साथ प्रदेश और उज्जैन में चहुंमुखी विकास के कार्य हो रहे हैं। हर क्षेत्र में लोगों को सरकार लाभांवित कर रही है। विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ हो या विकास के कार्य हो या स्वास्य् के क्षेत्र में निःशुल्क उपचार हो आदि ऐसे अनेक कामों से आमजन को लाभांवित किया जा रहा है।

राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व में देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। हमारे देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है। कोरोना महामारी के बाद भी देश में हमारी आर्थिक व्यवस्था अच्छी स्थिति में रही। भीषण महामारी में विश्व में हमारे देश ने वेक्सीन को पहले बनाया है। आजादी के अमृत महोत्सव देश में मनाया जा रहा है। आने वाले 25 साल के बाद आजादी के सौ वर्ष पूर्ण होने पर विश्व में हमारा देश विकसित देशों में अग्रणी हो, ऐसा सरकार प्रयास कर रही है। देश के विकासशील देश होने के कर्तत्व्यकाल में सबका सहयोग अपेक्षित है। विश्व कल्याण के लिये हमारा देश काम करता है। विश्व शान्ति की ओर हम निरन्तर अग्रसर रहने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर पर्यावरण की समस्या है। पर्यावरण के संरक्षण में हमारा देश शुरू से पर्यावरण को बचाये रखने में कार्य करता चला आ रहा है। उन्होंने आव्हान किया कि पर्यावरण के संरक्षण में प्रत्येक व्यक्ति अपनी महती भूमिका का निर्वहन करे। पर्यावरण को बचाने में हमें अधिक ध्यान देना पड़ेगा। पर्यावरण को बचायें और शुद्ध हवा, पानी लें। शासकीय आवास बनने पर और होली पर्व पर उन्होंने सबको बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी। राज्यपाल श्री गेहलोत ने कहा कि उज्जैन का मान-सम्मान बढ़े, इसलिये उज्जैनवासी बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को महत्वपूर्ण अपना योगदान देना चाहिये, ताकि देश-विदेश में उज्जैन का मान बढ़ेगा। कार्यक्रम में राज्यपाल एवं अन्य अतिथियों के द्वारा श्री मोरेश्वरराव उलारे के द्वारा लिखित उपन्यास 'सागर के परिन्दे' दिव्यांग मानसी के सम्बन्ध में एक उपन्यास का विमोचन किया गया। यह उपन्यास सेरेब्रल पाल्सी नामक व्याधि से ग्रस्त एक ऐसी बच्ची की कहानी है, जिसने शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग होने के बावजूद वर्ल्ड पैरा ओलम्पिक तैराकी चेम्पियनशिप में भारत देश का झंडा फहराया है। उपन्यासकार श्री मोरेश्वरराव ने कहा कि मैंने उस बच्ची के एहसासों को लिपिबद्ध करने का प्रयास किया है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन के साथ-साथ प्रदेश व देश में निरन्तर विकास के काम हो रहे हैं। उज्जैन में साइंस सिटी, खगोल की दृष्टि से भी काम चल रहे हैं। इसी तरह मेडिकल डिवाइस, मेडिकल कॉलेज की सौगात भी उज्जैन को मिलेगी। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.यादव ने बताया कि फ्रीगंज का निर्माण 102 साल पहले फ्रांस के आर्किटेक्ट के नक्शे अनुसार विकसित किया था। उज्जैन शहर चारों तरफ फोरलेन से जुड़ रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शहर के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उनसे जब भी विकास के कार्य के प्रस्ताव भेजते हैं, वे तुरन्त स्वीकृति प्रदान कर देते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में उन्होंने करोड़ों रुपये के खान डायवर्शन को पुनः मंजूरी की स्वीकृति प्रदान की है। शहर के अन्दर के रोडों का भी विकास किया जा रहा है। उज्जैन शहर को कमर्शियल भी बनाया जायेगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की विक्रम विश्वविद्यालय भूमि का भी सदुपयोग किया जायेगा। आने वाले समय में शहर को विकसित करने के साथ-साथ सुन्दर बनाने का काम भी किया जायेगा। उन्होंने मप्र गृह निर्माण मण्डल के द्वारा विकसित की जा रही शासकीय आवासीय भवनों की सौगात मिलने पर सबको बधाई एवं होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने इस अवसर पर कहा कि विकास के काम पूरे देश-प्रदेश में हो रहे हैं। देश का नेतृत्व करने वाला ठीक हो तो चारों तरफ देश में विकास ही विकास नजर आयेगा। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने टीमवर्क के साथ सबके समन्वय से विकसित राष्ट्र बनाया जा रहा है। सांसद श्री फिरोजिया ने कहा कि इसी तरह उज्जैन के विकास में भी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा समन्वय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किये जा रहे हैं। उज्जैन एजुकेशन हब बनने जा रहा है। मेडिकल डिवाइस यहां आ रहा है। मेडिकल कॉलेज उज्जैन में बनने वाला है। उद्योगों का निर्माण चल रहा है। विश्व प्रसिद्ध बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मन्दिर परिसर में महाकाल लोक का निर्माण किया गया है। हाल ही में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों द्वारा लोकार्पित हुआ है। महाकाल मन्दिर के विकास के सेकंड फेज का कार्य भी तेज गति से चल रहा है। महाकाल लोक के निर्माण से उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इससे शहरवासियों को रोजगार के अवसर मिले हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालु अब उज्जैन में रात्रि विश्राम करने लगे हैं। इससे व्यवसाय बढ़ा है।

मप्र हाउसिंग बोर्ड के चेयरमेन श्री आशुतोष तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि हमारे देश के मुखिया प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान दिन-रात मेहनत करने में कोई कोर-कसर नहीं रख रहे हैं। उनके मन में एक ही बात कि सबका विकास हो, देश एवं प्रदेश विकसित हो। कमजोर तबके के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत कच्चे मकानों को पक्के मकान बनाकर लोगों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं। यही सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की तत्परता से शहर का विकास निरन्तर हो रहा है।

# 9 मार्च से 15 मार्च के मध्य चरणबद्ध ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री अंकिता धाकरे द्वारा जानकारी दी गई कि मप्र पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम-1993 की धारा-6 म.प्र.अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम सभा नियम-1998 और मप्र ग्राम सभा नियम-2001 के प्रावधानों के अनुसार आगामी 9 मार्च से 15 मार्च के मध्य चरणबद्ध ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा। इनमें स्थाई तथा स्थानीय कार्यसूची (एजेण्डा) के साथ-साथ राज्य स्तर पर पंचायतीराज संचालनालय मप्र भोपाल के पत्र के अनुसार प्राप्त एजेण्डा के विभिन्न बिन्दुओं को शामिल किया जायेगा। इसके अनुसार सीईओ जिला पंचायत ने समस्त सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश दिये हैं कि चरणबद्ध ग्राम सभाओं में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिन ग्रामों में नल जल योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त योजना का ट्रायल रन पूर्ण हो चुका हो, ऐसी जल योजनाओं को ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को हस्तांतरित कराया जाये। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल घोषित ग्रामों के प्रमाणीकरण की कार्यवाही पूर्ण कराई जाये। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिन ग्रामों में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का गठन शेष हो, ऐसे ग्रामों में समिति के गठन और अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाये। इसके अलावा ग्राम सभाओं में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, महिलाओं के मध्य स्वच्छता सभा के आयोजन, ग्राम में किशोरियों की सुरक्षा एवं बालहितैषी ग्राम पंचायत एवं महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता, ग्राम गौरव दिवस, शुद्ध पेयजल नियमित उपलब्धता, पंचायत पुरस्कार योजना, कुपोषणमुक्त ग्राम, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजना, पेंशन योजना, आरोग्यम में प्रदाय की गई सेवाओं पर तथा स्वास्थ्य विभाग सम्बन्धी योजनाओं पर चर्चा की जायेगी।

# कॉलेज की छात्रा का युवक ने अपहरण किया और अपने मकान में बंधक बनाकर रखा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पंवासा थाना क्षेत्र में रहने वाली कॉलेज की छात्रा का युवक ने अपहरण किया। अपने मकान में बंधक बनाकर रखा और कोर्ट मैरीज के बाद उसके साथ दुष्कर्म भी किया। 11 दिन बाद बदमाश के चंगुल से छूटी छात्रा ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई। नीलगंगा पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर युवक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि पंवासा थाना क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय छात्रा 23 फरवरी की दोपहर 1 बजे कम्प्यूटर कोचिंग जाने के लिये घर से निकली थी तभी रास्ते में गौरव जाटवा पिता हरिसिंह 18 वर्ष निवासी शांति नगर का उसके मोबाइल पर कॉल आया। गौरव ने फोन पर छात्रा से कहा कि मेरे घर आ जाओ यहीं से दोनों साथ में कोचिंग चलेंगे।

छात्रा गौरव के घर चली गई जहां युवक ने उसे घर में ही बंधक बना लिया और उसका मोबाइल भी तोड़कर फेंक दिया। 25 फरवरी को गौरव छात्रा को कोठी ले गया और कागजों पर साईन भी करा लिया फिर मयंक परिसर पंवासा स्थित दूसरे घर ले जाकर उसने बताया कि अपनी कोर्ट मैरीज हो चुकी है और अब हम पति पत्नी हैं।

इसके बाद युवक ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। 5 मार्च को छात्रा ने मौका पाकर परिजनों को सूचना दी। परिजन मयंक परिसर पहुंचे और छात्रा को बदमाश के चंगुल से छुड़ाकर घर लाये जहां छात्रा ने परिजनों को आपबीती सुनाई और नीलगंगा थाने पहुंचकर गौरव के खिलाफ धारा 376 का केस दर्ज कराया। पुलिस ने मामले में आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

# अनुदान पर कृषि यंत्र मिलने से दुग्ध उत्पादन कर आय में बढ़ोत्री हुई



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन विकास खण्ड के ग्राम नीलकंठ निवासी अजा वर्ग की महिला कृषक श्रीमती रामूबाई पति खेमराज ने बताया कि अनुदान पर कृषि यंत्र मिलने से उनके पशुपालन करने से दुग्ध उत्पादन कर आय में बढ़ोत्री हुई है, जिससे उनका परिवार आर्थिक स्थिति से धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। श्रीमती रामूबाई ने बताया कि उनका गांव नीलकंठ प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम के रूप में चयनित हुआ है। श्रीमती रामूबाई ने कहा कि उनके गांव में कुछ कृषकों के यहां चेप कटर (कुट्टी मशीन) से कुट्टी कर पशुओं को चारा खिलाते हुए देखती थी और उनके पशुओं के दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्री देखकर उनके मन में भी यह विचार आया कि क्यों न मैं भी कुट्टी मशीन क्रय कर दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्री करूं, परन्तु आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह कुछ कर नहीं पा रही थी।

एक दिन उनके आदर्श ग्राम नीलकंठ में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री अविनाश गुजराती के दौरे के दौरान उन्होंने श्री गुजराती से चर्चा कर बताया कि उन्हें शासन की योजना में कहीं कुट्टी मशीन उपलब्ध हो जाये तो वे भी दुग्ध उत्पादन में वृद्धि कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकती है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने यह बात सुनकर कृषक श्रीमती रामूबाई को अवगत कराया कि अजा वर्ग के बीपीएल कार्डधारी कृषकों को 10 हजार रुपये तक कीमत के हस्तचलित एवं बैलचलित कृषि यंत्री अनुदान के रूप में शासन द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से कृषकों को दिये जा रहे हैं। उन्होंने चेप कटर के लिये कृषि विभाग में आवेदन दिया। इस पर उन्हें 10562 रुपये कीमत का चेप कटर प्राप्त हुआ। उनके द्वारा 462 कृषक अंश के रूप में जमा किये गये और शेष राशि अजा वर्ग की कृषक महिला श्रीमती रामूबाई पति खेमराज को 10 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। श्रीमती रामूबाई बताती हैं कि सरकार के द्वारा उपलब्ध करवाये गये चेप कटर से पशु चारे की कुट्टी बनाकर एवं उसमें भूसा व पशुदाना मिलाकर पशुओं को खिलाने से दुग्ध वृद्धि के साथ-साथ दूध में फेट का प्रतिशत भी बढ़ा है। बिना कुट्टी किये चारा खिलाने पर होने वाले नुकसान में भी अब कमी आई है। कुट्टी मशीन मिलने से उन्हें बहुत फायदा हुआ है। कृषक श्रीमती रामूबाई बताती हैं कि प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना से उन्हें कृषि यंत्री के रूप में लाभ प्राप्त हुआ है, इसके लिये देश के प्रधानमंत्री को धन्यवाद देती हैं और इस सफलता से उनका मैं हृदय से आभार प्रकट करती हूं।

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर शातिर बदमाश ने ऑनलाइन चार ट्रांजेक्शन कर लिए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर शातिर बदमाश ने ऑनलाइन चार ट्रांजेक्शन कर लिए, युवक कुछ समझ पाता खाते से 97 हजार से अधिक की राशि निकाल ली गई थी।

तिरुपतिधाम कॉलोनी में रहने वाला राज पिता मुकेश योगी मोबाइल दुकान चलाता है। शनिवार को उसके मोबाइल पर कॉल आया। ट्रू-कॉलर पर आरबीआई लिखा हुआ था। उसने कॉल रिसीव किया तो सामने वाले ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने और ऑनलाइन जानकारी देने पर लगने वाली फीस में डिस्काउंट देने की बात कहीं। कॉल करने वाले ने राज को उसका पूरा नाम पता और माता पिता की जानकारी के साथ क्रेडिट कार्ड की डिटेल भी बताई। राज बातों में उलझ गया और लिमिट बढ़ाने के लिए हां कर दी। कॉल करने वाले ने क्रेडिट कार्ड खाते की जानकारी ली और बिना ओटीपी पूछें खाते से चार ट्रांजेक्शन कर लिए। राज कॉलधारक से स्मार्ट वॉच पर बात कर रहा था वह कुछ समझ पाता उससे पहले ही क्रेडिट कार्ड खाते से 97 हजार 200 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर हो चुके थे। उसने कॉल डिस्कनेक्ट किया और बैंक पहुंचकर अपना क्रेडिट खाता बंद कराया। रविवार को मामले की शिकायत चिमनगंज थाने पहुंचकर आवेदन के माध्यम से की गई है। विदित हो कि ऑनलाइन फ्रॉड के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। बैंक द्वारा एडवाइजरी जारी कर किसी भी लिंक पर क्लिक नहीं करने और अनजान व्यक्तियों को अपने खाते की जानकारी नहीं देने की बात कह रहे है। एडवाइजरी के मैसेज भी लगातार बैंक उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे हैं बावजूद लोगों फ्रॉड करने वालों की बातों में आकर धोखाधड़ी का शिकार हो रहा है।

## आज शराब की दुकानें बन्द रहेंगी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम ने मप्र आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत होली के दूसरे दिन धुलेंडी बुधवार 8 मार्च को लोकशान्ति के परिरक्षण हेतु अपराह्न 3 बजे तक सम्पूर्ण जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा की दुकानें, एफएल-2, 3, 4, वाइन आउटलेट एवं देशी-विदेशी मद्य भाण्डागार बन्द रखते हुए मदिरा का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

# अपर कलेक्टर द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंगलवार को अपर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री अंकिता धाकरे द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिये गये। ग्राम कागदी कराड़िया तहसील घट्टिया निवासी पोपसिंह ने आवेदन दिया कि गांव में उनके स्वामित्व की कृषि भूमि का सर्वे नम्बर रिकार्ड में गलत दर्ज कर दिया गया है। इस वजह से उनकी जमीन के क्षेत्रफल में 0.5 आरे का अन्तर आ रहा है। अतः इसमें सुधार करवाया जाये। इस पर एसडीओ राजस्व घट्टिया को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

खाचरौद निवासी हेमंत कुमार निगम ने आवेदन दिया कि वे नागदा में एक फैक्टरी में अस्थाई श्रमिक के तौर पर काम करते थे। उनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है तथा उनका स्वास्य्स काफी समय से खराब रहता है, इसलिये उनका आयुष्मान कार्ड बनवाया जाये। इस पर सीएमएचओ को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

ग्राम काजाखेड़ी तहसील आलोट निवासी दशरथसिंह राठौर ने आवेदन दिया कि उनकी पत्नी को दो वर्ष पहले कोरोना संक्रमण हो गया था, जिसका इलाज उन्होंने उज्जैन के एक निजी अस्पताल में कराया था। शासन की योजना के तहत उनका आयुष्मान कार्ड बना हुआ है, इसके बावजूद अस्पताल के द्वारा उनसे रुपये लिये गये। अतः सम्बन्धित अस्पताल के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। इस पर सीएमएचओ को पूरे प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिये गये।

ग्राम इन्दौख तहसील झारड़ा निवासी लक्ष्मीबाई ने आवेदन दिया कि उनका मछली पालन का व्यवसाय है तथा वे और उनके कुछ अन्य साथी ग्राम रूदाहेड़ा में स्थित तालाब का पट्टा लेकर मछली पालन का कार्य करना चाहते हैं। अतः उन्हें उक्त तालाब का पट्टा प्रदान किया जाये। साथ ही उनकी प्रस्तावित मछुआ सहकारी समिति का गठन करवाया जाये। इस पर मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार अन्य मामलों में सीईओ जिला पंचायत और अन्य अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई की गई।

# सार समाचार

## प्रोफेसर पर हमले के फरार आरोपी पर 2 हजार का ईनाम घोषित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय विधि महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर के साथ मारपीट के मामले में फरार तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी पर एसएसपी सत्येन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा 2 हजार ईनाम घोषित किया गया है। आरोपी कालेज में परीक्षा दे रहा था और उसे ही नकल कराने दो युवक पहुंचे थे जिन्हे प्रोफेसर ने अंदर जाने से रोका था, इसी को लेकर आरोपियों ने प्रोफेसर पर हमला किया था। सीएसपी ओपी मिश्रा के अनुसार शासकीय माधव विधी महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ईश्वरदत्त शर्मा के साथ 28 फरवरी को कॉलेज परिसर में नकाबपोश बदमाशों ने आकस्मिक हमला किया था। प्रोफेसर ने हमले की रिपोर्ट नागझिरी थाने में दर्ज कराई थी। उन्हे चेहरे , सिर और पसलियों में चोंट लगी थी। हमले के आरोप में पुलिस ने ऋषिनगर निवासी सौरभ नागर और सुदर्शन नगर निवासी राहुल सिंह सोलंकी को गिरफ्तार किया था। इन दोनों ने पूछताछ में बताया था कि दोनों एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्र दर्शन ठाकुर को नकल कराना चाह रहे थे जिन्हें प्रो. ईश्वर नारायण ने रोका था। इस पर पुलिस ने दर्शन को भी आरोपी बनाया तो वह फरार हो गया। थाना पुलिस के प्रतिवेदन पर एसएसपी सत्येन्द्र कुमार शुक्ला ने दर्शन की गिरफ्तारी पर 2 हजार रुपये का ईनाम की घोषणा की है।

## तेज रफ्तार से दौड़ती कार ने डाकघर कर्मचारी को कुचल दिया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीती रात तेज रफ्तार से दौड़ती कार ने डाकघर कर्मचारी को कुचल दिया। गंभीर हालत में कर्मचारी को अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर बाद मौत हो गई। कार चालक की तलाश की जा रही है। नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि रात 10.30 बजे देवासरोड पर सायकल सवार वृद्ध को तेज रफ्तार से आई कार ने कुचल दिया था। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वृद्ध गंभीर घायल हुआ था, जिसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर बाद मौत हो गई। वृद्ध की पहचान करने पर सामने आया कि मृतक राजाराम पिता गोपालसिंह परमार (62) शिवांश सिटी का निवासी है। परिजनों सूचना मिलने परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि मृतक डाकघर कर्मचारी था और एक पुत्र का पिता था। मामले में एसआई दिनेश भट्ट ने बताया कि कार की पहचान कर ली गई है, जिसके चलाक की तलाश की जा रही है। जल्द कार जब्त कर उसे हिरासत में ले लिया जाएगा। सोमवार रात चारधाम मंदिर के पास भी पैदल जा रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। दुर्घटना की जानकारी लगने पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद रात 12 बजे मौत हो गई। मृतक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर पहचान जमनालाल पिता हल्का प्रसाद (60) निवासी कंचलपुरा के रुप में की गई। मृतक मजूदरी करता था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। दुर्घटनास्थल के आसपास लगे कैमरे देख टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरु की गई है।

## पार्टी के दौरान गुम हुई चेन हलवाई को मिल गई थी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धर्मशाला में पार्टी के दौरान गुम हुई चेन हलवाई को मिल गई थी, नियत खराब होने पर उसने छुपा ली थी। पुलिस ने 24 दिन बाद उसे पकड़ा तो गिरवी रखना बताया। मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज कर सोमवार को जेल भेजा गया है। बडऩगर थाना प्रभारी मनीष मिश्र ने बताया कि 9 फरवरी को कुशवाह धर्मशाला में मजहर शाह पिता मुनीवर हुसैन ने परिवार की बर्थ डे पार्टी रखी थी। इस दौरान उसकी सोने की चेन कीमत 1 लाख 3 हजार 850 रुपये गायब हो गई थी। चेन नहीं मिलने पर पार्टी में अफरा-तफरी मच गई थी। मजहर ने मामले की शिकायत आवेदन देकर की। पुलिस ने मामला जांच में लिया और पार्टी में मोबाइल से खींचे गये फोटो को खंगाला, लेकिन उसमें कुछ पता नहीं चला। पार्टी में परिवार के लोग और कुछ बाहरी परिचित भी शामिल हुए थे, सभी से पूछताछ की गई। उसके बाद पार्टी में खाना बनाने और वेटरों पर नजर रखना शुरु किया गया। इस बीच मुखबीर से सूचना मिली कि पार्टी में खाना बनाने वाला हलवाई विजय पिता सत्यनारायण 28 वर्ष निवासी मेवाड़ा मालीसेरी तीन-चार दिनों से काफी पैसे खर्च कर रहा है। पुलिस ने उसे संदेह के आधार पर हिरासत में लिया और पूछताछ शुरु की तो वह टूट गया। उसने चेन मिलने पर छुपाना कबूल करते हुए बताया कि जब धर्मशाला में चेन तलाश की जा रही थी, उस दौरान उसने किसी को नहीं बताया। कुछ दिनों बाद चेन गिरवी रख दी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चेन बरामद कर मामले में प्रकरण दर्ज किया और आरोपित को न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेजा गया है।

## कलेक्टर ने बैंकर्स के साथ डीएलसीसी बैठक की



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**मंगलवार को कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में जिले के समस्त बैंकर्स के साथ डीएलसीसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत पात्र जिन महिलाओं के बैंक में खाते नहीं है, उनके खाते 20 मार्च के पहले खोले जाने तथा खातों को डीबीटी लिंक करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये, ताकि सभी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में सभी शासकीय, अशासकीय बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में पात्र महिलाओं के नये खाते खोले जाने की प्रक्रिया के सरलीकरण पर चर्चा की गई और योजना के क्रियान्वयन के लिये कार्य योजना बनाई गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनुकूल जैन, एलडीएम श्री संदीप अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी श्री साबिर अहमद सिद्धिकी एवं समस्त बैंकर्स मौजूद थे।

## सवारी मार्ग सौन्दर्यीकरण के लिए महापौर ने संभागायुक्त से चर्चा की

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर श्री मुकेश टटवाल ने मंगलवार को संभागायुक्त श्री संदीप यादव से मिलकर श्रावण मास में निकलने वाली बाबा महाकाल की सवारी मार्ग को सुव्यवस्थित एवं सौंदर्यीकरण किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। महापौर श्री मुकेश टटवाल ने संभागायुक्त श्री संदीप यादव से चर्चा करते हुए कहां कि श्रावण भादों मास में निकलने वाली बाबा महाकाल की सवारी में बढ़ी संख्या में श्रृद्धालुगण सम्मिलित होते है, संपूर्ण सवारी मार्ग को सुव्यवस्थित, सौन्दर्यीकरण के साथ ही जहां आवश्यक है वहां चौडीकरण किया जाए। महापौर श्री टटवाल ने कहां कि सवारी मार्ग का स्वरूप इस प्रकार हो की वहां पर श्रृद्धालुओं को बैठने की व्यवस्था हो तथा बैरिकेटिंग व्यवस्था ऐसी रखी जाएं की बाबा महाकाल की पालकी के दर्शन प्रत्येक श्रृद्धालु को सुगमता पुर्वक हो सके।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )